

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 2 मई 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -42 ■ अंक-034 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 3 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सुशासन तिहार: मंत्रियों ने शिविर में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**रायपुर,2 मई**

छत्तीसगढ़ में सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक मई से सुशासन तिहार 2026 का प्रदेशव्यापी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 01 मई से 10 जून तक संचालित होने वाला यह अभियान शासन और आमजन के बीच की दूरी को समाप्त कर पारदर्शी, त्वरित एवं संवेदनशील प्रशासन सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान के प्रथम दिवस प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया, जहां मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनते नजर आए। यह पहल वास्तव में राज्य के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने की छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने का प्रभावी माध्यम है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम रिसदा में आयोजित शिविर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां प्राप्त 573 आवेदनों में से



लगभग 47 प्रतिशत का मौके पर ही निराकरण किया गया। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निराकरण किया गया और आवेदकों से संतुष्टि फीडबैक भी लिया जाए।

कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनरास में आयोजित शिविर में 332 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 103 का तत्काल समाधान किया गया। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि यह अभियान शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड के ग्राम कठिया में आयोजित शिविर में मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब की उपस्थिति में कई हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। महिलाओं को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गए। दिव्यांग हितग्राही श्री योगेश यादव को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। शिविर में हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा वन-स्टॉप समाधान केंद्र के रूप में स्टॉल लगाए गए, जहां आमजन को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, केसीसी ऋण, उज्ज्वला योजना, कृषि उपकरण, मत्स्य पालन सामग्री सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डिजिटल एक्स-रे जैसी सुविधाओं की उपलब्धता ने ग्रामीणों को त्वरित राहत दी।

सुशासन तिहार के माध्यम से न केवल शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है, बल्कि आम नागरिकों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं इस अभियान की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं तथा औचक निरीक्षण के माध्यम से जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेंगे।

## दुष्कर्म व हत्या के दोषी की मृत्यदंड की सजा उम्र कैद में तब्दील

**बिलासपुर,2 मई।** महिला को बहलाकर जंगल ले जाकर दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी की मृत्युदंड की सजा को हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा में तब्दील कर दिया. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि बड़ी सजा सिर्फ रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामलों में ही दी जा सकती है. जहां यह सख़्त लिमिट पूरी नहीं होती, वहां मौत की सजा को उम्रकैद में बदलना जरूरी है. इसके साथ यह भी निर्देश दिया कि ऐसी उम्रकैद दोषी की पूरी जिंदगी तक जारी रहेगी. मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की



डीबी ने यह फैसला सुनाया है.

बता दें कि बेमेतरा परिवार न्यायालय में भृत्य के पद में कार्यरत 25 वर्षीय महिला 9 अगस्त 2022 को छुट्टी पर अपने गांव खैरमुड़ा आई थी. 14 अगस्त 2022 को सुबह करीब 9 बजे, वह अपनी स्कूटी से अपने घर से निकली और अपने परिवार वालों को बताया कि वह बेमेतरा जा रही है. वह अपनी मंज़िल तक नहीं पहुंची और उसका पता नहीं चला. उसके परिवार वालों की कोशिशों और रिश्तेदारों और गांव वालों से पूछताछ के बावजूद पीड़िता का कोई पता नहीं चल सका.15 अगस्त 2022 को उसके पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस स्टेशन डभरा में गुमशुदा तौर पर रजिस्टर किया. पूछताछ के दौरान आरोपी पर शक हुआ, जो पीड़ित को जानता था. पीड़ित के पिता और मृतक की छोटी बहन के बयानों से पता चला कि आरोपी मोबाइल फोन पर पीड़ित के साथ रेगुलर संपर्क में था. इस आधार पर, कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की गई. सीसीटीवी फुटेज समेत इलेक्ट्रॉनिक सबूतों के आधार पर, जो एविडेंस एक्ट के सेक्शन के तहत सर्टिफिकेट से सपोर्टेड थे.साक्ष्य एकत्र करने के बाद पुलिस ने आरोपी शंकर निषाद निवासी गाँव सुखदा, पुलिस स्टेशन डभरा, जिला सक्ति को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मृतका से संपर्क में रहा. घटना दिनांक को उसने फोन कर उसे बुलाया एवं बरसात के कारण रास्ता बंद होने की बात कही और नया रास्ता बताने की बात कहते हुए उसे खरसिया स्टेशन लेकर गया, जहां अपनी मोटर साइकिल रेलवे स्टेशन के पार्किंग में पार्क कर मृतका की एक्टिवा में पालगड़ घाटी ले गया.यहां स्कार्फ में उसके हाथ बांध कर पहले दुष्कर्म किया, उसके बाद ब्लेड से हाथ व गले की नस काटकर हत्या की. पुलिस ने उसके मेमोरडंम पर जंगल से शव बरामद किया एवं पीएम कराया. इस मामले में जांजगीर एफटीसी कोर्ट ने आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई. सजा की पुष्टि के लिए शासन ने हाई कोर्ट में प्रकरण प्रस्तुत किया. वहीं आरोपी ने भी हाई कोर्ट में अपील की थी. हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा कि आरोपी को दी गई मौत की सजा रेयरेस्ट ऑफ रेयर सिद्धांत की ज़रूरतों को पूरा नहीं करती है, इसलिए कानून में टिकने लायक नहीं है.

### मौसी की बेटी से शादी अवैध: हाईकोर्ट

बिलासपुर,2 मई। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में मौसी की बेटी से की गई शादी को कानूनन अवैध करार दिया है। यह मामला जांजगीर-चांपा जिले से जुड़ा है, जहां वर्ष 2018 में एक युवक ने अपनी मौसी की बेटी से विवाह किया था। शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में याचिका दायर कर विवाह को शून्य घोषित करने की मांग की। याचिकाकर्ता का तर्क था कि दोनों की माताएं सगी बहनें हैं, इसलिए यह विवाह कानून के दायरे में वैध नहीं है।

मामले की सुनवाई करते हुए निचली अदालत ने स्थानीय प्रथा का हवाला देते हुए इस विवाह को वैध माना था। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और स्पष्ट किया कि ऐसी शादी हिंदू विवाह कानून के तहत निषिद्ध संबंधों में आती है, इसलिए यह वैध नहीं मानी जा सकती। साथ ही अदालत ने यह भी महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि विवाह भले ही शून्य घोषित कर दिया जाए, लेकिन महिला को गुजारा भत्ता (मेंटेनेंस) लेने का अधिकार बना रहेगा। इस फैसले को सामाजिक और कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो भविष्य में ऐसे मामलों के लिए मार्गदर्शक साबित हो सकता है।

### जादू-टोना के शक में युवक की हत्या

**जगदलपुर,2 मई।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले से हत्या का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां दो भाईयों ने मिलकर एक ग्रामीण की हत्या कर दी। दोनों भाईयों को शक था कि ग्रामीण जादू-टोना करता है। इसी के चलते उन्होंने गुरुवार को उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला दरभा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान मंगलू मंडावी के रूप में हुई है, जो कि पखनार गांव का रहने वाला था। पखनार गांव में ही रहने वाले दो भाई आयतू और सुखराम मड़कामी को शक था कि मंगलू जादू-टोना करता है। इसी के चलते दोनों ने उसकी हत्या की साजिश रची। गुरुवार 30 अप्रैल को जब मंगलू अपने घर के पास आम के पेड़ के नीचे बैठा था, तभी आयतु और सुखराम शराब के नशे में वहां आ पहुंचे। इसके बाद उससे विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों भाईयों ने मंगलू को चाकू से गोद डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देकर दोनों भाई मौके से फरार हो गए। घटना के बाद लोगों ने जब इसकी सूचना पुलिस को दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची और मंगलू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों आरोपी आयतू और सुखराम मड़कामी को घेराबंदी कर धर दबोचा, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### दिल्ली के 3 कोचिंग सेंटरों के मालिक सहित 9 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,2 मई।** दिल्ली पुलिस ने तीन कोचिंग संस्थानों के मालिकों और निदेशकों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर छात्रों के जाली दस्तावेज बनाकर सरकार से 37 करोड़ रुपए लेने का आरोप है। मामला पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' से जुड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने तीन कोचिंग संस्थानों के मालिकों और निदेशकों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने 2018 से 2021 के बीच 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' के तहत सरकार से 37 करोड़ रुपए लेने के लिए छात्रों के जाली दस्तावेज तैयार किए थे। एसीबी ने बताया कि पिछली आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा 2018-19 में शुरू की गई योजना के तहत कागजों पर 22000 से ज्यादा छात्र और 43 कोचिंग सेंटर रजिस्टर्ड थे, लेकिन इसमें कई बड़ी गड़बड़ियां पाई गईं। एसीबी के मुताबिक एसीपी जरनैल सिंह के नेतृत्व वाली एक टीम को पिछले साल अगस्त में बंद हो चुकी इस योजना के ऑडिट के बाद दिल्ली सरकार के एससी/एसटी कल्याण विभाग से एक शिकायत मिली थी।

### तरबूज में नहीं था जहर

**मुंबई,2 मई।** मुंबई के पायधुनी में बिरयानी और तरबूज खाने के बाद परिवार के चार सदस्यों की मौत को लेकर अब एक-एक कर सारी रिपोर्ट सामने आ रही हैं। एफडीए की जांच में पता चला है कि तरबूज में किसी तरह को कई मिलावट नहीं थी। एफडीए का कहना है कि तरबूज का रंग या फिर मिठास बढ़ाने के लिए उसमें किसी तरह का केमिकल नहीं मिलाया गया था। ऐसे में मौत के पीछे तरबूज के वजह होने की संभावना बेहद कम है।

## ईरान के जंजान में भीषण धमाका,14 जवानों की मौत

**तेहरान,2 मई।** ईरान-अमेरिका युद्ध के दौरान किए गए हमलों में बचे बमों में विस्फोट हो जाने पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजी) के 14 सदस्य मारे गए. ईरान की



सुरक्षा एजेंसियों के करीबी माने जाने वाली वेबसाइट नूरन्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट तेहरान के उत्तर-पश्चिम में स्थित जंजन शहर के पास हुआ. सात अप्रैल को युद्धविराम शुरू होने के बाद से यह आईआरजी के सदस्यों की सबसे बड़ी संख्या में मौत का मामला है. खबर में कहा गया है कि युद्ध के दौरान गोला-बारूद समेत क्लस्टर बम गिराए गए थे.ईरान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में एक बड़ा हादसा हुआ है. ऑर्डनेंस क्लियरेंस यानी अनफटे गोला-बारूद को हटाने के मिशन के दौरान हुए विस्फोट में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के 14 जवानों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं.

ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध खत्म करने की बातचीत अभी चल ही रही है कि एक साथ कई बड़ी घटनाएं हो गई हैं. पहली बात यह कि ईरान में एक बड़ा हादसा हुआ जिसमें ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानि आईआरजी के 14 जवान मारे गए. दूसरी बात यह कि आईआरजी ने अमेरिका पर बड़ा आरोप लगाया. और तीसरी बात यह कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कह दिया कि ईरान का नया प्रस्ताव उन्हें पसंद नहीं आया. यानी शांति की राह अभी भी बहुत मुश्किल है. ईरान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में जंजान नाम का एक प्रांत है. वहां आईआरजी की एक टीम एक खास काम कर रही थी. यह काम था जमीन में दबे या पड़े हुए न फटे हुए बमों और गोले-बारूद को हटाना. इसे 'ऑर्डनेंस क्लियरेंस' कहते हैं. इस दौरान अचानक एक न फटा हुआ बम फट गया. इस धमाके में आईआरजी के 14 जवान मारे गए और 2 घायल हो गए.

### इजरायल की लेबनान पर एयरस्ट्राइक,5 की मौत

**यरूशलम,2 मई।** इजरायल और लेबनान के बीच 17 अप्रैल से युद्धविराम लागू है, लेकिन एक भी दिन ऐसा नहीं गया, जब लोगों को धमाके न सुनने को मिले हों। कहने को इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम चल रहा है, लेकिन हमलों में किसी तरह की कमी नजर नहीं आ रही है। शुक्रवार को इजरायल के ताजा हमलों में दक्षिणी लेबनान में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में आतंकी समूह हिजबुल्ला ने भी उत्तरी इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन दागे, जिसमें दो इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इजरायली हमले में लेबनान में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है. दोनों देशों के बीच संघर्षविराम तो हुआ है, लेकिन इसका कोई वास्तविक असर नहीं दिखता है. जब ईरान जंग के दो दिन बाद हिज़्बुल्लाह ने उत्तरी इज़रायल में रॉकेट दागे.

## शादी के लिए लड़की की फोटो दिखाकर युवक से ठगी

**धमतरी,2 मई।** छत्तीसगढ़ के धमतरी से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। आज के दौर में जहां लोग ऑनलाइन जीवनसाथी तलाश रहे हैं वहीं शातिर ठग इसी भरोसे का फायदा उठाकर लोगों को ठग रहे। धमतरी में एक युवक को यूनिक रिश्ते दिलाने के नाम पर हजारों की चपत लगा दी गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के दानीटोला वार्ड का है। यहां रहने वाले रवि कुमार बघेल को क्या पता था कि एक अनजान फोन कॉल उनकी जेब पर भारी पड़ जाएगा। दरअसल रवि के पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को यूनिक रिश्ते नामक प्लेटफॉर्म से जुड़ा बताया। बातचीत के दौरान युवक को एक लड़की की तस्वीर भेजी गई। फोटो देखते ही युवक शादी के लिए तैयार हो गया, बस यहीं से ठगी का खेल शुरू हुआ। ठगों ने रजिस्ट्रेशन और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर युवक से ऑनलाइन UPI के जरिए पैसे मांगना शुरू किया।. महज एक हफ्ते के भीतर युवक से 14,000 रुपए ऐंठ लिए गए। जब युवक ने लड़की से मिलने या आगे की बात करने पर जोर दिया तो सामने से जवाब मिला कि लड़की किसी और के साथ भाग गई है। इस अजीबो-गरीब जवाब को सुनकर युवक के पैरों तले जमीन खिसक गई। खुद को ठगा महसूस कर पीड़ित रवि कुमार बघेल तुरंत कोतवाली थाना पहुंचे। हालांकि पुलिस ने युवक को ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी है। युवक का कहना है कि जो उनके साथ हुआ वह किसी और के साथ न हो। लोग ऑनलाइन रिश्तों के झांसे में न आएं और अपनी मेहनत की कमाई न गंवाएं। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।



## अरुण साव विकास कार्यों का निरीक्षण करने स्कूटी पर निकले

**लोरमी,2 मई।** अक्सर राजनीति में ऊंचे पदों पर बैठे चेहरों के इर्द-गिर्द सुरक्षा का अभेद्य घेरा और सायरन बजाती गाड़ियाँ दिखाई देती हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस 'वीआईपी दीवार' को ढहाकर एक नई मिसाल पेश की है। आज उप मुख्यमंत्री का एक ऐसा अंदाज दिखा, जिसने यह साबित कर दिया कि वे पद से नहीं, बल्कि दिल से जमीन से जुड़े नेता हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज औचक निरीक्षण पर निकले थे, लेकिन उनका तरीका किसी को भी चौंकाने वाला था। अपनी चमचमाती सरकारी गाड़ी और प्रोटोकॉल को छोड़, डिप्टी सीएम ने एक आम नागरिक की तरह स्कूटी उठाई और खुद हैंडल संभालकर गलियों में निकल पड़े। रास्ते में जो भी मिला अरुण साव ने उनसे सीधा संवाद किया। स्कूटी रोककर बुजुर्गों का हाल जाना और युवाओं से विकास कार्यों पर फीडबैक लिया। जनता के बीच यह चर्चा का विषय है कि एक उपमुख्यमंत्री का इतना सहज और सरल होना लोकतंत्र की खूबसूरती को दर्शाता है। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।



**विकसित भारत: 2047, खेल में भारत को प्रथम पांच स्थानों तक पहुंचाने का संकल्प**

## शालाओं में व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति को देनी होगी प्राथमिकता

✍ जसवंत क्लाडियस

हमारे देश में पिछले सात आठ वर्षों में अलग-अलग खेल में प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं। यह हमारे केंद्र सरकार की नीति का स्पष्ट परिणाम है। भाला फेंक में नीरज चोपड़ा, निशानेबाजी में मनु भाकर कुश्ती में अमन सेहरावत, तीरंदाजी में भजन कौर, अंकिता भगत लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ,100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराजी, 20 किमी. पैदल चाल में प्रियंका गोस्वामी, बैडमिंटन में लक्ष्य सेन, मुक्केबाजी में निखत जरीन लवलीना बोरगोहेन, घुड़सवारी में अंशु अग्रवाल, फाउद मिर्जा , गोल्फ में अदिति अशोक, जुडो में तुलिका मान, तैराकी में श्रीद्धी नटराज, छिनिधी, देसिंधु, भारोत्तोलन में मीराबाई चानू और सायकलिंग में इसो अलबेन, रोनाल्डो सिंह क्रिकेट में वैभव सूर्यवंशी आदि प्रमुख हैं। उपरोक्त खिलाड़ियों की सफलता के पीछे भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई) तथा कुछ प्राइवेट संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से खोजी गई प्रतिभाओं को प्रशिक्षण मार्गदर्शन और प्रदत्त सुविधाओं के कारण भारत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे देश में 2014 मई के बाद खेलकूद में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक पदक प्राप्त करने के की जो कोशिश आरंभ हुई है। उसकी जितनी सराहना की जाए कम है लेकिन इस प्रयास में एक कमी आज भी नजर आती है। भारत में खेलकूद की शिक्षा के लिए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय है। परंतु होनहारों को उसका लाभ मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। आज न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि भारत के कई राज्यों में बी.पी.एड.,एम.पी.एड

तथा छोटे शिक्षण केंद्रों में सी.पी.एड. या डी.पी.एड.जैसे शारीरिक शिक्षा से संबंधित प्रमाण पत्र, पत्रोपाधि उपाधि और स्नातकोत्तर उपाधि छात्र छात्राए प्राप्त कर रहे हैं .

अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर वे क्या कर रहे हैं ? जबकि उत्तीर्ण होने वालों की संख्या कोई कम नहीं है ? भारत को अगर खेलमय राष्ट्र बनाना है।तो ऐसे शारीरिक शिक्षा प्राप्त युवाओं की मदद केंद्र व राज्य सरकार को लेनी चाहिए किसी खिलाड़ी को विश्व स्तर पर पदक जीतने लायक बनाना है तो उन सभी को उनकी प्रतिभा के अनुरूप बचपन से ही प्रशिक्षित किया जाना होगा। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी शुरूआती तौर पर शालाओं में पदस्थ शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को दी जानी चाहिए।

एक तरफ जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने आगामी 12 वर्षों में भारत में राष्ट्रमंडल खेल 2030, यूथ ओलंपिक 2030, ओलंपिक खेल 2036, एशियाई खेल 2038 में आयोजित करवाने के पक्षधर हैं तो फिर शालेय शिक्षा से ही बच्चों, किशोरों को उनकी पसंद के खेल की कोचिंग शुरू कर देने से हमारे देश में खेलकूद का व्यापक माहौल बनेगा। इसमें भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के 28 कोर गेम्स पर विशेष ध्यान देकर शाला स्तर से उभरते हुए खिलाडिय़ों को चुनना चाहिए जिन्हें शाला में पदस्थ व्यायाम शिक्षक या राष्ट्रीय खेल संस्थान एनआईएस से सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र या खेल प्रशिक्षण में उपाधि प्राप्त कोच के द्वारा कम उम्र से ही खेल की बारिकियों को सिखाना होगा।

आज छत्तीसगढ़ ही नहीं देशभर की शासकीय या निजी शालाओं में जहां पहली से बारहवीं तक पढ़ाई होती है वहां शारीरिक शिक्षकों या विभिन्न खेलों के कोच की नियुक्ति बहुत जरूरी है। भारत में बड़े आयोजनों से करीब 10वर्ष पूर्व आज हम नन्हें बच्चों को खेल में कैरियर बनाने की शुरुआत करेंगे तब हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी होंगे और तभी वर्तमान सरकार के विकसित 2047 का संकल्प पूरा हो सकेगा,.इस तरह के सुझाओं को खेल प्रशासकों को पूरी गंभीरता से लेना होगा तभी भारत विश्व में पांच स्थानों पर अवश्य ही जगह बना पाएगा।

### माइंस ठेकेदार के ठिकानों पर जीएसटी का छापा

**भानुप्रतापपुर,2 मई।** छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर में मांइस ठेकेदार अरविंद साहू के घर और दफ्तर पर जीएसटी टीम ने शुक्रवार देर रात दबीश दी. दिल्ली और रायपुर से अधिकारियों की संयुक्त टीम दो गाड़ियों में पहुंची. ठेकेदार के ठिकानों पर एक साथ की गई छापेमारी में वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों और इलेक्ट्रोनिक डिवाइसेस की जांच की गई. यह कार्रवाई लगभग रात 11 बजे से 1 बजे तक यानी 2 घंटे चली. जानकारी के मुताबिक, माइंस ठेकेदार अरविंद साहू के बाजारपार स्थित निवास और दल्लीरोड स्थित कार्यालय में एक साथ जीएसटी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की. बताया जा रहा है कि ठेकेदार अरविन्द साहू नीको जायसवाल ग्रुप की खदानों में ठेका लेता है. जांच के बाद कार्यालय से प्रिंटर सहित कुछ महत्वपूर्ण सामान अपने साथ ले जाने की खबर है. पूरी कार्रवाई इतनी गोपनिय थी कि स्थानीय पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं थी. हालांकि टीम द्वारा कौन-कौन से दस्तावेज या उपकरण जब्त किए गए, इसकी आधिकारिक जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है.

# भाजपा ने किया मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 मई ।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संवाद प्रमुख एवं मोहला-मानपुर प्रभारी शारदा गुप्ता के नेतृत्व में जिला मोहला-मानपुर-चौकी में भाजपा का जिला स्तरीय मजदूर दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य रूप से भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संवाद प्रमुख एवं जिला प्रभारी शारदा प्रसाद गुप्ता तथा भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रभारी अनिल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। दीप प्रज्ज्वलन भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रभारी शारदा गुप्ता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा द्वारा किया गया। अपने संबोधन में शारदा गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश में पहले लगभग 6 एम्स थे, जो अब बढ़कर 26 हो गए हैं। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी 320 से बढ़कर 735 हो चुकी है। उन्होंने कोविड काल में केंद्र सरकार की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल देशवासियों को टीका उपलब्ध कराया, बल्कि अन्य देशों की भी सहायता की। उन्होंने कहा कि पहले गरीब और श्रमिक वर्ग इलाज के लिए अपनी जमीन-जायदाद तक बेचने को मजबूर हो जाता था, लेकिन आज आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना एवं स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों और श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने नक्सलवाद और आतंकवाद पर नियंत्रण को भी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। गुप्ता ने कहा कि श्रमिकों के हित में बीमा योजनाएं चलाई जा रही हैं तथा श्रम कानूनों में सुधार की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को उचित वेतन एवं निर्धारित कार्य समय मिलना चाहिए और इस दिशा में सभी को सजग रहने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जिला उपाध्यक्ष रमेश हिडामे, जिला महामंत्री नरसिंह भंडारी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन, सहकारिता प्रकोष्ठ के अंबर जोशी, जिला महिला मोर्चा महामंत्री सुरेखा मंडावी, ग्राम पंचायत सरपंच गजेन्द्र पुरामे, जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे, मोहला मंडल महामंत्री मनोज नेताम, सनानंद तारम, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू, महामंत्री झनक सोनवानी, जिला झुग्गी-झोपड़ी संयोजक कृष्णा यादव, सह संयोजक विक्रांत निकोशे, दिलीप कौशिक, नरेश मेश्राम सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक एवं कामगारों का गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गीतम यादव, लक्की यादव, धंजु नागवंशी, तरुण नेताम, खेमचंद कुंजाम, रोहित कोठारी, श्यामशाय यादव, रवि साहू, आलोक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### मेरा सपना डॉक्टर बनना:माधुरी साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 2 मई ।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा लोकचंद साहू की सुपुत्री माधुरी साहू ने दसवीं बोर्ड में 81.33 प्रतिशत लाकर शानदार सफलता अर्जित की । 600 में 488 अंक प्राप्त किया । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला की छात्रा है । तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की माधुरी आपका सपना क्या है । माधुरी ने कहा की मेरा सपना डॉक्टर बनना है ।

### आस्था ने किया दो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 मई ।** आस्था संस्था द्वारा मानवता का परिचय देते हुए दो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार दोनों शव चार दिन पूर्व थाना नंदिनी, जिला दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत पाए गए थे। काफी प्रयासों के बावजूद दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो सकी और न ही उनके परिजन सामने आए। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आस्था संस्था के माध्यम से रायपुर नाका, दुर्ग में दोनों शवों का विधि-विधान पूर्वक कफन-दफन किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में मुख्य रूप से प्रकाश गेडाम मौजूद थे।

### सड़क पर भटक रहे 82 वर्षीय वृद्ध को आस्था वृद्धाश्रम ने दिया सहारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 मई ।** आस्था वृद्धाश्रम, सेक्टर-2 द्वारा मानव सेवा का परिचय देते हुए एक बेसहारा वृद्ध को आश्रय प्रदान किया गया है। जानकारी के अनुसार सहदेव प्रसाद नामक लगभग 82 वर्षीय वृद्ध कई दिनों से सड़कों पर भटकते हुए गुजर-बसर कर रहे थे। वृद्ध बिहार के निवासी बताए जा रहे हैं, लेकिन वे अपने घर का पूरा पता बताने में असमर्थ हैं। उन्होंने फिलहाल घर वापस जाने की इच्छा भी व्यक्त नहीं की है। आस्था वृद्धाश्रम के सदस्यों ने बताया कि सहदेव प्रसाद को कई लोगों ने रात के समय सड़कों पर घूमते हुए देखा था, लेकिन वे लगातार अपना ठिकाना बदलते रहते थे, जिसके कारण उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना संभव नहीं हो पा रहा था। आखिरकार संस्था के प्रयास से उन्हें वृद्धाश्रम लाया गया।

### हेरोइन का अवैध कारोबार, गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 मई ।** भिलाई हेरोइन का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि भट्टी पुलिस ने किया कार्रवाई, सेक्टर तीन के पास घेराबंदी कर पकड़ा? मुखबिर की सूचना पर शिव मंदिर सेक्टर-3 में घेराबंदी युवती समेत पांच को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर अपना नाम न्यू खुर्सीपार निवासी हरजिंदर सिंह, हाउसिंग बोर्ड जामुल मोन्टी अरोरा, राजनांदगांव सूरज कुमार लोहार, सेक्टर-4 भिलाई नवजोत सिंह, केम्प-1 ईशा कौर बताया है? पुलिस ने इनके पास से हेरोइन (चिट्टा) (हेरोइन) 21.18 किलोग्राम नगदी 65 हजार, मोबाइल पोन समेत एल्युमिनियम फॉइल, 10,20 रुपये के जले नोट, लाईटर जब्त किया गया है। सामानों की कीमत 3.84 लाख 400 रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गौरतलब हो कि जिले में लंबे समय से चिट्टा का अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। इनका कनेक्शन सीधे पंजाब के बड़े तस्करों के साथ होने की जानकारी मिल रही है पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ जागरूक रहें किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें यह कार्रवाई पुलिस की ऑपरेशन विश्वास के तहत हुई है? पंजाब और पाकिस्तान से जुड़े हैं तार मिली जानकारी के मुताबिक हेरोइन का बड़ा कारोबार भिलाई-दुर्ग में अरसे से जारी है। तस्कारों के तार पंजाब और पाकिस्तान से जुड़े होने के जानकारी मिली। इसके अलावा यहां से निकलने वाले बड़े-बड़े ट्रकों के चालकों द्वारा छत्तीसगढ़ में हेरोइन की सप्लाई की जा रही है साथ ही साथ टोलनाका पर चेकिंग के आड़ में खानापूर्ति किया जाना भी हेरोइन तस्करी में बढ़त का प्रमुख कारण है छत्तीसगढ़ में हेरोइन तस्करी का सबसे बड़ा अड्डा रायपुर बना हुआ है हाल ही में पुलिस ने पंजाब और पाकिस्तान के बड़े रैकेट का खुलासा किया है।

### कलेक्टर ने जनगणना प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**दुर्ग, 2 मई ।** भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने शुक्रवार 1 मई को कलेक्टोरेट परिसर से जनगणना प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। इस अवसर पर एडीएम श्री वीरेन्द्र सिंह, त अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### शराब का अवैध परिवहन,बंदी



**भिलाई, 2 मई (तछसं.)।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र अवैध रुप से शराब का परिवहन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है? पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि युवक का नाम कैम्प -1 जलेबी चौक निवासी निहाल सिंग राणा है मुखबिक की सूचना पर उमदा रोड पुलिया के पास अवैध शराब का परिवहन कर रहा था उसके पास से 30 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल कुल 5400 एमएल शराब बरामद हुआ है।

### हथियार लेकर लोगों को डराने वाला युवक पकड़ाया



**भिलाई, 2 मई (तछसं.)।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा है वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि राम नगर मुक्तिधाम तालाब के पास युवक राजीव नगर वार्ड -27 खुर्सीपार निवासी लोकेश यादव उर्फ बाली को पकड़ा गया है उस के पास से पुलिस ने एक धारदार हथियार भी जब्त किया है पुलिस ने नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक कृत्य की सूचना पुलिस को दें इस से कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

### गांजा का कारोबार, गिरफ्तार



**भिलाई, 2 मई (तछसं.)।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र के गांजा का अवैध कारोबार कर संपत्ति अर्जित करने वाले ग्राम राजपुर धमधा दुर्ग निवासी मनोज साहू पर कार्रवाई की गई है धमधा प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि जांच में पाया गया कि मनोज साहू ने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार से आय से ग्राम धमधा, राजपुर, परपोडी क्षेत्र में कुल 16.68 एकड़ कृषि भूमि अनुमानित कीमत 8 करोड़ अर्जित की गई है उक्त संपत्ति को सेफ्मा की धारा के तहत प्राधिकारी, प्रशासक एमनडीपीएस राजस्व विभाग भारत सरकार मुंबई ने फ्रीज की कार्रवाई किया है गौरतलब हो कि पुलिस की यह पहली कार्रवाई नहीं है इसके पूर्व भी महिला गांजा तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर संपत्ति को फ्रीज किया गया था।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने नोडल अधिकारी व तकनीशियन नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 मई ।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों तथा हैंडपंप तकनीशियनों की नियुक्ति की गई है। आम नागरिकों को पेयजल संबंधी किसी भी समस्या के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल संकट उत्पन्न होने अथवा हैंडपंप खराब होने की स्थिति में नागरिक सीधे संबंधित नोडल अधिकारी या हैंडपंप तकनीशियन से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभागीय टोल-फ्री नंबर *1800-233-0008* भी जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

जिला स्तर पर सहायक अभियंता श्री गोपाल प्रसाद ठाकुर को जिला पेयजल प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्री ठाकुर का मोबाइल नंबर 9626135795 है। इसी प्रकार कवर्धा, सहसपुर लोहारा, बोड़ला एवं पंडरिया विकासखंड में उप अभियंताओं को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा उनके अधीन हैंडपंप तकनीशियनों की तैनाती की गई है, जो क्षेत्रवार पेयजल आपूर्ति एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश के अनुसार श्रीमती यामिनी देवांगन (कंट्रोल रूम प्रभारी) 97552-74251, श्री राजकुमार कुंभ (कंट्रोल रूम प्रभारी) 97540-51070, विकासखंड कवर्धा के लिए श्री सुधीर श्रीवास्तव (उप अभियंता) 97540-01401, श्री ओमप्रकाश साहू 94255-09808, सहसपुर लोहारा के लिए श्री भोलाराम सिन्हा (उप अभियंता) 93027-01549, हैंडपंप तकनीशियन श्री तोषण साहू 96913-81346, राजकुमार अग्रवाल 99930-90324, कुमारी सबा शेख 62614-24787, राजाराम साहू 78288-58272, विकासखंड बोड़ला के लिए श्री टोमन लाल (उप अभियंता) 99075-81487, हैंडपंप तकनीशियन दुर्गेश 89658-70703, शिव प्रसाद पाली 96304-74503, उत्तरा उईके 78983-45086, विकासखंड - पंडरिया के लिए श्री आई.पी. श्याम (उप अभियंता) 88891-63931, 78695-93188, हैंडपंप तकनीशियन विजय 62615-93304, परदेशी यादव 91791-76643 / 78695-93188, नरसिंह राज - 82695-56821, नरबद सिंह धुर्वे - 95896-01744, महेंद्र सिंह ध्रुव - 88152-53526 को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखें तथा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल संबंधी समस्या होने पर जारी संपर्क नंबरों का उपयोग करें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# मुस्लिम इंतजामिया कमेटी ने किया हज यात्रियों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 मई ।** मुस्लिम इंतजामिया कमेटी की ओर से इस वर्ष हज के सफर पर रवाना होने वाले जायरीनों के सम्मान में इस्तकबाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जामा मस्जिद सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में 60 से अधिक हज यात्री शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम हाफिज इकबाल अंजुम हैदर, हाफिज असगर अली एवं हाफिज कारी शहादत हुसैन ने हज यात्रियों को मुबारकबाद देते हुए हज की अहमियत और उसकी फजीलत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मौलाना गुलाम मोहिउद्दीन ने किया। इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले खुशकिस्मत जायरीनों में इफ्तेखार खान, मुस्तफा अली, मोहम्मद सलीम, हामिद खान, शफी मास्टर, मोहम्मद मोहसिन, रफी उल हक, मंजूर आलम, इस्माइल गौरी, सय्यद यूनुस अली, रिजवान, नसीरुद्दीन, मोहम्मद फहीम, मिर्जा इरफान बेग, फिरोज हुसैन, अब्दुल रशीद, अफजल अनीस, अब्दुल हक, शेख सखावत, डॉ. शेख आदिल, हाजी गुलाम रसूल, मंजर आलम, गुलाम हसीब अंसारी, जाकिर अहमद काजी, अब्दुल मजीद, हामिद उल्ला खान, हमीद उद्दीन सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, हसन कोया, इसराइल सिद्दीकी, इश्तियाक अहमद, अजमल, जी.एम. अंसारी, एम.आई. खान सहित 37 महिला जायरीन शामिल रहीं। आयोजन को सफल बनाने में मोहम्मद सईद, शमशीर कुरैशी, अमीर अहमद, मिर्जा मुकीम बेग, निजाम उद्दीन, मोहम्मद जफर, खुर्शीद आलम, अमीन, हाजी कमरुद्दीन, शेख कमाल, सय्यद सरफराज अली, इनाम एडवोकेट, गुलजार अहमद, नसीरुद्दीन, नसीम अहमद, मोहम्मद यूनुस सिद्दीकी, मोहम्मद नासिर, हाजी शब्बीर अहमद, सलीम खान, नवाब, मोहम्मद अफजल, शब्बीर कुरैशी, कलाम खान, शादाब अहमद, कादिर रजा सिद्दीकी, शमीम अहमद, अकबर अली (बब्बू), शमीम अशरफी, सुबराती खान, अखलाक अहमद, रईस खान, मोहम्मद रशीद, अब्बास, राजिक, साजिद, पप्पू भाई, वकील अहमद, छोटू भाई, अब्दुल फरीद, वकार अहमद, वहाब अहमद, साहिल बेग, अनस कुरैशी, राशिद रजा, ओवेस अहमद सहित अन्य लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### मजदूर दिवस पर 21 कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक, 200 ई-रिक्शा चालकों को आर्थिक सहायता

**दुर्ग, 2 मई ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर दुर्ग स्थित सेवा सदन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने अपने कर कमलों से हितग्राहियों को इलेक्ट्रिक चाक और अनुदान राशि का चेक वितरित किया। छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड (ग्रामोद्योग विभाग) के माध्यम से दुर्ग जिले के 21 पंजीकृत कुम्हारों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए। इस योजना से प्रत्येक परिवार के तीन सदस्य लाभान्वित होंगे, जिससे कुल 63 लोगों को स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा।इसके साथ ही कार्यक्रम में 200 ई-रिक्शा चालकों को पांच-पांच हजार रुपये की स्वेच्छानुदान राशि भी प्रदान की गई। इस सहायता से चालकों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार श्रमिकों और छोटे व्यवसायियों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

# जामुल में पटेल समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,2 मई।** नगर पालिका जामुल में पटेल समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। पटेल समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत अधोसंरचना मद से 10 लाख रुपये की लागत से भवन का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि जामुल नगर के पटेल समाज द्वारा लंबे समय से सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी। सभी आवश्यक प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृतियों के पश्चात अब यह भवन निर्मित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भवन के निर्माण से समाज के लोग एकत्र होकर सामाजिक कार्यक्रम, बैठक एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर सकेंगे, जिससे समाज को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की सामाजिक गतिविधियों को संगठित रूप से संचालित करने एवं सामूहिकता बनाए रखने के लिए सामुदायिक भवन अत्यंत आवश्यक होता है। नगर पालिका द्वारा इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया जा रहा है। ठाकुर ने मां शाकम्भरी को नमन करते हुए पटेल समाज के प्रबुद्धजनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि आगे भी सभी मिलकर नगर उत्थान एवं सामाजिक कार्यों को इसी प्रकार आगे बढ़ाते रहेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता चन्नेवार, पार्षद रामप्यारी वर्मा, अश्वनी साहू, दीपक गुप्ता, सरोजनी चंद्राकर सहित पटेल समाज के बलराम पटेल, ललिता पटेल, रामदयाल पटेल, सुरेखा पटेल, भोला पटेल, मनोज पटेल, महेश पटेल, राजा पटेल, लक्ष्मी पटेल, सत्यदेव पटेल तथा वरिष्ठजन खिलावन साहू, लेखराम साहू, दुर्योधन साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मी समाज के वास्तविक नायक हैं : इंद्रजीत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 मई ।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के सफाई कर्मियों का सम्मान कर उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सेक्टर-9 हॉस्पिटल के सफाई कामगारों को भी शामिल किया गया, जिससे आयोजन का दायरा और अधिक व्यापक एवं सार्थक बन गया। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री श्रीमती उषा बारले, विशेष अतिथियों में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नरेन्द्र बन्छोर ओए अध्यक्ष, वीरेंद्र सतपथी संरक्षक शामिल रहे। संचालन श्रीमती मंजू चौरसिया एवं संस्था के संस्थापक प्रतीक भोई ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू अपने विचार व्यक्त करते हुए सफाई कर्मियों के कार्यों की सराहना की और उन्हें समाज का वास्तविक नायक बताया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी केवल शहर को स्वच्छ नहीं रखते, बल्कि नागरिकों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सफाई कर्मियों को सम्मान स्वरूप गमछा, पानी की बोतल एवं मिठाई प्रदान की गई। उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इन कर्मवीरों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। महासचिव राकेश रत्नाकर ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया उपाध्यक्ष घनश्याम पांडे ने आभार प्रदर्शन किया। संस्था ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में वसंत सालंकर, शिवाकांत गिरी, गायत्री गोस्वामी, अरुणा शर्मा, साधना मौर्य, सविता श्रीवास्तव, गजेंद्र साहू, मंजू चौरसिया, राजकुमार शर्मा, अब्दुल, जय प्रकाश सिंह, सुनीता सैनी, रामकुमार लदेर, नगीना खान, वैशाली कलमेघ, रमेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में सेक्टर-9 हॉस्पिटल एवं नगर निगम भिलाई के सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में कार्यशाला का आयोजन संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 मई।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें रूंगटा यूनिवर्सिटी से श्री दीपक शर्मा सर(एसिस्टेंट प्रोफेसर ए आई एंड मशीन लर्निंग) एक्सपर्टीज के रूप में उपस्थित थे । सर्व प्रथम प्लांट पॉट से प्राचार्य डॉ. अंजना मैडम ने अतिथि का स्वागत किया साथ ही स्वागत स्पीच प्रिज्म फार्मेसी डिपार्टमेंट की प्राचार्य डॉ सीमा कश्यप के द्वारा दिया गया द्य एक संक्षिप्त परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई द्य जिसमें प्रिज्म संस्था के लगभग 70 शिक्षकों ने सक्रिय रुप से भाग लिया ।

प्रथम दिवस 27 अप्रैल को दीपक सर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) की मूल अवधारणाओं का परिचय देकर एक मजबूत आधार तैयार किया। वर्तमान में उपलब्ध,द्ध के विभिन्न प्रकारों को समझाया और यह बताया कि यह तकनीक वास्तव में कैसे कार्य करती है। इस आधारभूत सत्र के दौरान नैतिक जागरूकता और,द्ध से जुड़े वर्तमान मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की। इसमें डेटा गोपनीयता, शैक्षणिक ईमानदारी और एल्गोरिदमिक पक्षपात जैसे विषय शामिल थे, ताकि शिक्षक अपनी कक्षा में इन उपकरणों के उपयोग से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरी तरह समझ सकें।

प्रिज्म शिक्षकों को प्रमुख,द्ध अनुप्रयोगों की स्थापना और सेटअप की प्रक्रिया से मार्गदर्शन दिया गया। विशेष रूप से जानकारी दी गई, तथा प्रत्येक प्लेटफ़ॉर्म के शैक्षणिक उपयोग को स्पष्ट किया गया।दोपहर के सत्र का मुख्य फोकस प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग रहा।सर ने एक प्रभावी प्रॉम्प्ट की संरचना को विस्तार से समझाया और शिक्षकों को और का उपयोग करते हुए व्यावहारिक अभ्यास करवाया। साथ ही, का परिचय दिया गया और इसे एक व्यक्तिगत शिक्षण सहायक के रूप में कैसे उपयोग किया जा सकता है। उद्दाहरणके द्वारा समझाया द्य दिन का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की प्रारंभिक शंकाओं का समाधान किया गया।द्वितीय दिवस का फोकस शोध उपकरण और सामग्री निर्माण



इसके बाद सर ने पुनः व्यावहारिक अभ्यास की ओर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें दैनिक प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रभावी प्रॉम्प्ट्स का उपयोग सिखाया गया। इसके पश्चात का परिचय दिया गया। संकाय सदस्यों को यह दिखाया गया कि इन टूल्स की सहायता से वे अपने व्याख्यानों के लिए तेजी से प्रस्तुतियाँ ( श्रह्द्ब और दृश्य सामग्री कैसे तैयार कर सकते हैं।कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों की विशिष्ट समस्याओं के समाधान और उनके व्यक्तिगत प्रश्नों के निवारण के लिए समर्पित सत्र के साथ किया गया।डायरेक्टर ख्याति मैडम ने दीपक सर मोनेमटो देकर सम्मानित किया गया द्य सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन पी जी डी एम फैकल्टी देशना गर्ग ने किया ।

# समर कैम्प के पहले दिन बच्चों ने जाना वे हैं कौन

- तिल्दा शहर में ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित बच्चों के समर कैम्प का शुभारंभ
- बीके प्रियंका दीदी ने सभी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 2 मई।** तिल्दा शहर में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क समर कैम्प का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कैम्प के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में तिल्दा स्वास्थ्य केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. उमा पैकरा उपस्थित रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जेबी स्कूल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर भ्राता श्रीकांत अग्रवाल जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात बीके प्रियंका दीदी ने सभी उपस्थित जनों को कैम्प की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस कैम्प में बच्चों के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ, मनोरंजक खेल, मोटिवेशनल सत्र एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। मुख्य अतिथि डॉ. उमा पैकरा विशिष्ट अतिथि श्रीकांत अग्रवाल रहे बीके प्रियंका बहन ने बच्चों को 'स्व-उन्नति प्रोग्रेस चार्ट' के बारे में समझाया, जिसके माध्यम से बच्चे अपनी दैनिक दिनचर्या का मूल्यांकन करेंगे और अभिभावकों से हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे।

पहले दिन का मुख्य सत्र बीकम द एजेंट ऑफ चेंज रहा, जिसमें बच्चों को उनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराया गया। उन्हें बताया गया कि नाम, जाति, धर्म या पद ही उनकी पहचान नहीं है, बल्कि वे एक चेतन ऊर्जा, एक चमकता हुआ सितारा अर्थात आत्मा हैं। आत्मा और शरीर के संबंध को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। साथ ही मन, बुद्धि और संस्कार को आत्मा के कार्य करने के तीन प्रमुख स्तरों के रूप में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में वार्म-अप एक्सरसाइज के रूप में डॉ. सोनी जी द्वारा बच्चों को हल्के-फुल्के व्यायाम कराए गए। पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह और सहभागिता देखते ही बन रही थी। यह समर कैम्प निश्चित ही बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा।

## एक नजर

### तिल्दा-नेवरा जेबी पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता का परचम




**तिल्दा नेवरा 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाल ही में घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में जे. बी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय का कुल परिणाम उत्साह जनक रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय की छात्रा पल्लवी साहू ने 93.83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही याशिका बिदलानी (92.66%) एवं रूपाली वर्मा (90%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। लकी ध्रुव (87.83%), पुष्कर वर्मा (85.33%), काव्या वर्मा (84.5%), पूरब निषाद (81.33%), काशिश पात्रे (80.66%) अंक प्राप्त।

### बुद्ध पूर्णिमा पर किया धम्म दान



**कलकसा( डोंगरगढ़)2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 2588 वी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आर्यन मेश्राम पिता डेनिश कुमार मेश्राम,माता ज्योति मेश्राम ने बुद्ध धम्म की दान परमिता का पालन करते हुए नागसेन बुद्ध विहार मे स्कूल जाने वाले छोटे बच्चो को कॉपी,पेन्सिल,रबर,कटर,स्केल का धम्म दान किया। माता पिता की बुद्ध धम्म संघ शिक्षा संस्कार द्वारा आर्यन मेश्राम बाल्यावस्था से ही धम्म दान करने हेतु प्रेरित रहता है, एक वर्ष की उम्र से आज 13 वर्ष की उम्र तक अपने गुल्लक मे वर्ष भर के जमा पैसो को धम्म दान के रूप मे 6 फरवरी अंतराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव मे दान करते आ रहा है। बालक कहता है की मुझे धम्म दान कर बहुत अच्छा लगता है, मन को शांति मिलती है।

### डायरेक्शन साइन बोर्ड से टीन शेड की चोरी



**डोंगरगढ़ 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे चाँदसूरज गांव के समीप लगे डायरेक्शन साइन बोर्ड से अज्ञात लोगों के द्वारा लगे टीन शेड की चोरी कर ली गई है जिससे राहगीरों की मुसीबत बढ़ गई है।

### महिला आरक्षण को लेकर गुमराह न करें भाजपाई

**डोंगरगढ़ 2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लाक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिश भंडारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गो के हितों की रक्षा हेतु सदैव दृढ़ संकल्पित है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश को महिला आरक्षण के विषय में गुमराह करने के लिए लाया गया प्रस्ताव है। कांग्रेस वर्तमान स्थिति में ही महिला आरक्षण को लागू करने के पक्ष में है जबकि भाजपा सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन का खेल करना चाहती है। सन् 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने संसद में स्थानीय निकायों नगरीय निकाय एवं पंचायत में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर देश की महिलाओं को राजनीति में प्रतिनिधित्व प्रदान करने का अवसर प्रदान किया था। साथ में 2010 में केंद्र की कांग्रेस सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में प्रस्तुत कर पास कराया गया लेकिन लोकसभा में बहुमत नहीं होने के कारण पारित नहीं हो पाया। सन् 2023 में संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत महिला आरक्षण बिल पारित होने के पश्चात भी केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आज दिनांक तक उसे लागू नहीं किया गया है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से नया बिल प्रस्तुत कर देश को गुमराह किया जा रहा है। लोकसभा में अपने मंसूबों में सफल नहीं होने पर प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा दबाव डाल कर स्थानीय निकायों में निंदा प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस संबंध में 30 अप्रैल को आहूत नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ के विशेष सम्मेलन में कांग्रेस पार्षद दल के राहुल यादव श्रीमती दिपाली भंडारी मुकेश सहारे के विनायक राव श्रीमती देवेश साहू जय किशोर अम्बादे द्वारा निंदा प्रस्ताव पर विरोध दर्ज कराया गया है। ब्लाक अध्यक्ष हरीश भंडारी ने कहा कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार महिला आरक्षण के नाम पर देश को धोखा देना छोड़ संसद में पूर्व में पारित महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करे।

# सुशासन तिहार: गांवों में खत्म हो रहा शिकायतों का दौर

- बलौदाबाजार जिले में जनसमस्या निवारण महाभियान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार/तिल्दा-नेवरा रायपुर, 2 मई।** छत्तीसगढ़ में सरकार की 'सुशासन' को धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 'सुशासन तिहार' के जरिए प्रशासन सीधे ग्रामीणों के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। शुक्रवार को ग्राम रिसदा से शुरू हुए इस अभियान ने पहले ही दिन सफलता के नए मानक स्थापित किए हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुस्कुराते हुए देखना है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के बाद भी आवेदकों से फीडबैक लिया जाए कि वे समाधान से संतुष्ट हैं या नहीं।

रिसदा के हाई स्कूल प्रांगण में लगे शिविर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संवेदनशीलता रही। शिविर में आए 573 आवेदनों में से लगभग आधे का निराकरण राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा की मौजूदगी में अधिकारियों ने तुरंत किया। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकारी मशीनरी अब फाइलों को अटकाने के बजाय सुलझाने पर ध्यान दे रही है। जिन आवेदनों में तकनीकी पेच हैं, उनके लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समय-सीमा निर्धारित कर दी है।

शिविर में केवल शिकायतें ही नहीं सुनी गईं, बल्कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का 'डिलीवरी सेंटर' भी बनाया गया। पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट वितरण और भारत माता वाहिनी को संसाधन भेंट किए गए। इसी तरह युवाओं को कौशल विकास का सम्मान पत्र और टीबी मुक्त गांव के सरपंचों को महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट कर सामाजिक सहभागिता को सराहा गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर डिजिटल एक्स-रे और तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा ने बुजुर्गों और मरीजों को बड़ी राहत दी।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक दिवसीय आयोजन नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित अभियान है। जिले के 30 ग्रामीण केंद्रों और 19 नगरीय निकायों में सुशासन तिहार के जरिए प्रत्येक नागरिक की पहुंच प्रशासन तक सुनिश्चित की जाएगी। बलौदाबाजार से शुरू हुआ यह 'सुशासन का रथ' अब जिले के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ रहा है। रिसदा शिविर की सफलता ने यह साफ कर दिया है कि यदि प्रशासन जन-प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बिठाकर गांव की चौपाल तक पहुंचे, तो बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान चुटकियों में संभव है।

# बच्ची से हैवानियत के आरोपी के खिलाफ फूटा समाज का गुस्सा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 2 मई।** एक तरफ जहां समाज में बेटियों की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैंज्वहीं ऐसी घटनाएं उन दावों पर सवाल खड़े कर देती हैंज्आखिर कब सुरक्षित होंगी मासूम बेटियां तिल्दा नेवरा क्षेत्र में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना के विरोध में साहू समाज के समस्त पदाधिकारी गण ,पार प्रमुख ,एवं समस्त साहू समाज तिल्दा नेवरा ,किरना परिक्षेत्र ने तहसीलदार रामप्रसाद बघेल और थाना तिल्दा नेवरा में ज्ञापन सौंपा और दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की समाज के लोगो ने कहा की खुशी का माहौल कुछ ही पलों में दर्द और दहशत में बदल गयाज्ये खबर तिल्दा थाना के बहेसर गाव की है. जो दिल को झकझोर देती हैज्एक मासूमज जो अपने परिजनों के साथ खुशी के माहौल में शादी समारोह में शामिल होने आई थी।ज्लेकिन उसे क्या पता था कि वही रात उसकी जिंदगी का सबसे डरावना सपना बन जाएगी.बच्ची जब घर के बाहर खेल रही थी तभी एक दरिंदे ने उसे अगवा कर लिया और सुनसान जगह में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया । एक तरफ जहां समाज में बेटियों की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते है वहीं ऐसी घटनाएं उन दावों पर सवाल खड़े कर देती हैं आखिर कब सुरक्षित होंगी मासूम बेटियां एक मासूम जो खुशी के माहौल में शामिल होने आई थीज्आज अस्पताल के बिस्तर पर जिंदगी की जंग लड़ रही हैज्ये घटना सिर्फ एक खबर नहींज बल्कि समाज के लिए एक बड़ा सवाल हैज्सवाल यह है की आखिर कब थमेगा ऐसे अपराधों का सिलसिला।

अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है, बेखौफ मासूम बच्चे अपराधियों के निशाने पर हैं।आखिर कब तक मासूमों की सुरक्षा से समझौता होता रहेगा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। ज्ञापन देने के लिए विशेष रूप से,प्रमुख रुपए से साहू समाज नेवरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू, कार्य कारी अध्यक्ष किशोर साहू,संरक्षक भरत साहू , उपाध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष महिला बिनेश?वरी साहू, संगठन सचिव मनोज साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, अंकेश बाजार लाल साहू,युवा संरक्षक संतोष साहू, युवा सचिव कौशल, एवं समस्त युवा पदाधिकारिगण पार प्रमुख गोकुल साहू, बेनी राम, भागीरथी, दौलत, शत्रुहन साहू, रामजी, त्रिलोचन, नरेंद्र, दशरथ,तीजू साहू, महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि के साथ साथ साहू समाज के समस्त पदाधिकारी गण ,पार प्रमुख ,एवं समस्त साहू समाज तिल्दा नेवरा ,किरना परिक्षेत्र के नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# मजदूर दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुईखदान 2 मई।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनंदगांव माननीय श्री विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति / न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छुईखदान श्री ईशान व्यास के निर्देशानुसार पी.एल.व्ही श्री सनील कुमार द्वारा ग्राम लंझियाटोला (छुईखदान) में मजदूर दिवस मनाया गया शिविर में उपस्थित लोगों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस आज की दुनिया में निर्माण में श्रमिकों के योगदान को दर्शाता है ।उचित व समान वेतन तथा सुरक्षित काम करने का वातावरण सभी श्रमिकों की मूलभूत आवश्यकता है तालुका विधिक सेवा समिति छुईखदान के द्वारा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सहायता के इस योजना को प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों तक जानकारी देने का कार्य कर रही है। पी.एल.व्ही श्री सनील कुमार के द्वारा निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दिया गया तथा विशेष रूप से बाल विवाह, घरेलू हिंसा , नशा मुक्ती राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित बहुत सारे योजनाओं जैसे की नालसा (तस्करी और वाणिज्य यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवा ) योजना 2015, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा )योजना 2016 , इत्यादि के संबंध में जानकारी दिया तथा आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 09 मई 2026 को आयोजन किया जाएगा जिसमें राजीनामा योगय के मामले को आपसी राजीनामा तथा भाईचारा से अपने प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण कर सकते हैं जिसमें ना किसी की जीत और ना किसी के हर होती हैं। किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सालहा लेनी है तो नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 मे फोन करके जानकारी ले सकते हैं । थाना छुईखदान के प्रधान आरक्षक अख्तर मिर्जा के द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया कि वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड से हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए किसी अनजान फोन कॉल्स तथा अनजान लिंक से सतर्क रहें तथा किसी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर ना करें। जिससे साइबर फ्रॉड से होने वाले ठगी से बचा जा सके तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल करके जानकारी ले सकते हैं।

# जिले में अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 2 मई।** जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा में संचालित जिले के सबसे बड़े अवैध लाल ईंट भट्टे पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

डोंगरगढ़ एसडीएम एम.भार्गव के मार्गदर्शन में तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव, खनिज निरीक्षक भारत बंजारे व उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। यह ईंट भट्ठा किसान नरसिंग वर्मा की भूमि पर पिछले कई वर्षो से संचालित हो रहा था, जहां बाहरी लोगों द्वारा अवैध रूप से ईंट निर्माण किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि भट्टे में हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर लकड़ी का उपयोग ईंट पकाने में किया जा रहा था। साथ ही बिना रॉयल्टी के पत्थर व कोयले का उपयोग भी किया जा रहा था, जो कि नियमों का उल्लंघन है। टीम ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया। स्थानीय लोगों के द्वारा यह बात सामने आई है कि कार्रवाई के बावजूद संचालक जुर्माना भरकर दोबारा भट्ठों का संचालन शुरू कर देता हैं, जिससे प्रशासनिक सख्ती का प्रभाव कम पड़ता है। इन अवैध गतिविधियों के कारण जिले में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हो रही है, जिससे तापमान में असामान्य वृद्धि देखी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली इस तरह की अवैध गतिविधियों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम व तहसीलदारों को इस दिशा में निरंतर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# विकास कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम स्थल का अध्यक्ष रमन डोंगरे ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 2 मई।** नगर पालिका के कार्यो का भूमिपूजन बुद्ध जयंती समारोह के अवसर पर मां बम्लेश्वरी छिरपानी परिसर शेड में 2 मई दिन शनिवार को शाम 5 बजे अतिथियों की उपस्थिति में होगा, आज नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया गया , इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद् क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 4 कार्यो का भूमिपूजन लागत राशि 525.48 लाख की लागत से सम्पन्न होगा, कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं लोक निर्माण तथा खेल मंत्री छ.ग. शासन अरुण साव उपस्थित रहेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री, जिला राजनांदगांव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री छ.ग गजेन्द्र यादव विशिष्ट अतिथिगण सांसद संतोष पाण्डेय , विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ,महापौर निगम राजनांदगांव मधुसूदन यादव प्रदेश उपाध्यक्ष मा.ज.पा., पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ रामजी भारती पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे अध्यक्ष जनपद पंचायत लालबहादुर नगर देवेन्द्र साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका उमा महेश वर्मा जसमीत सिंह बन्नोआना सहित अन्य अतिथिगण की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से संजना के आर्थिक उन्नयन की खुली राह

**राजनांदगांव 2 मई।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में न केवल सकारात्मक परिवर्तन एवं जागृति आयी है, बल्कि उनके आर्थिक उन्नयन की राह खुली है। ऐसी ही एक बानगी पेश की है, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान की लखपति दीदी श्रीमती संजना निर्मलकर ने। जिन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने जीवन स्तर को मजबूत किया और उनकी जिंदगी बदल गई है। श्रीमती संजना निर्मलकर ने बताया कि वे माँ भवानी स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं और अपनी आजीविका को बढ़ाने के लिए उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 1 लाख रूपए का ऋण लिया तथा 2 लाख रूपए का मुद्रा लोन जनरल स्टोर्स प्रारंभ करने के लिए लिया। अब यह जनरल स्टोर्स अच्छा चल रहा है, जिससे उन्हें 50 से 60 हजार रूपए प्रतिमाह आय हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने 30 डिसमिल के तालाब में समूह के साथ मिकर मछली पालन प्रारंभ किया। जिसके लिए 60 हजार रूपए का अनुदान मिला है, जिससे फायदा मिल रहा है। वे बैंक मित्र के रूप में भी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि समूह से जुडने़ से पहले उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। समूह से जुडने़ के बाद बैंक लिंकेज से आजीविका में परिवर्तन आया। लखपति दीदी श्रीमती संजना निर्मलकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने इस वर्ष अपना नया घर बनावा लिया है और खेती-किसानी के लिए ट्रेक्टर खरीदा है। जिससे परिवार में बहुत खुशी है।

## पूर्णिमा पर अल्ट्राटेक बैकुंठ में धार्मिक आयोजन

# श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा नेवरा 2 मई।** छत्तीसगढ़ के जिला रायपुर के क्षेत्र विकासखंड तिल्दा नेवरा के समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत संचालित औद्योगिक इकाई अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स में 1 मई को पूर्णिमा के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। यहां स्थित प्रसिद्ध आस्था केंद्र श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर में विशेष हवन-पूजन एवं श्रीसत्यानारायण भगवान की कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में मंदिर के पुजारी पंडित सुशील शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। कार्यक्रम में प्लांट के टेक्निकल फंक्शनल हेड श्री राजीव सिंघल अपनी धर्मपत्नी सहित मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे, वहीं मैकेनिकल हेड श्री अशोक मिश्रा सपत्नीक द्वितीय यजमान के रूप में शामिल हुए।

बताया जा रहा है कि अल्ट्राटेक बैकुंठ में पूर्णिमा के अवसर पर इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया गया, जो कि भविष्य में धार्मिक परंपराओं की नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी, कॉलोनीवासी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में आयोजित श्रीसत्यानारायण कथा का श्रवण श्रद्धालुओं ने अत्यंत भक्ति भाव से किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एचआर हेड श्री जितेंद्र सिंह तंवर, ईआर एवं सिक्योरिटी हेड श्री अभिषेक तेवतिया तथा डॉ. मेघना भालेराव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर क्षेत्र का एक प्रमुख एवं प्राचीन धार्मिक स्थल है, जो अपनी भव्यता और आकर्षक उद्यान के कारण दूर-दूर से आने वाले लोगों के लिए आस्था और पर्यटन का केंद्र बना हुआ है। यहां समय-समय पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का आयोजन किया जाता है, जिससे क्षेत्र की धार्मिक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है।

## छापे में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा

सरकार के कामकाज से ही जनता को पता चल जाता है कि सरकार कैसी है। सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ है तो जनता को इस बात का पता पड़ने वालों छापों से चल जाता है। छापों से ही पता चल जाता है कि सरकार छापे मारने में कोई भेदभाव नहीं कर रही है। किसी को छोड़ा या बचाया नहीं जा रहा है। आम तौर पर माना जाता है जिस राजनीतिक दल की सरकार होती है उसके बड़े नेताओं का नेताओं के यहां भ्रष्टाचार के मामले में छापा नहीं मारा जाता है, उनको बचाने के सरकार के पास कई तरह के उपाय होते हैं। उन उपायों से राजनीतिक दल अपने बड़े नेताओं को सरकार के रहते बचा लेते हैं यानी सरकार ही खुद अपने नेताओं की रक्षा करनेवाली होती है। ऐसे नेताओं पर जब कोई कार्रवाई नहीं होती है तो जनता समझ जाती है कि यह सरकार अपने भ्रष्ट नेताओं व समर्थकों को बचाने वाली है। राज्य में कांग्रेस की सरकार ऐसी ही सरकार मानी जाती है जो अपने नेताओं व समर्थकों को खुल कर बहती गंगा में हाथ धोने का मौका देती थी.जब सरकार खुद ही अपने नेताओं व समर्थकों को मौका देती है बहती गंगा में हाथ धोने को तो वह उनके खिलाफ कार्रवाई कैसे कर सकती है। कांग्रेस के शासन का यह सूत्र तो जग जाहिर है कि हम खुद भी खाते हैं और अपने लोगों को खाने का मौका भी देते हैं। सब जानते हैं कांग्रेस के शासन में सब मिलजुलकर प्रेम से खाने में यकीन रखते हैं. यही वजह है कि जिस किसी राज्य में कांग्रेस का शासन जाता है तो पता चलता है कि पांच साल में सबने मिलजुलकर खूब खाया है। जिस तरह से भी खाने का मौका मिला है,खाने से कोई परहेज नहीं किया गया है।कोयला हो, सट्टा हो, शराब हो, कस्टम मिलिंग हो,डीएमएफ हो,भारतमाला परियोजना हो अब सामने आ रहा है कि लोगों ने कैसे मिलजुल कर प्रेम से खाया है। साय सरकार ने तो सत्ता संभालते ही यह साफ कर दिया है कि सरकार किसी भी तरह का भ्रष्टाचार सहन नहीं करेगी । जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और जिनके बारे में जांच में पता चलेगा कि किसी तरह का भ्रष्टाचार किया गया है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। लोग समझ रहे थे कि हर सरकार जैसा करती है, साय सरकार भी वैसा करेगी।भ्रष्टाचार के मामले में अपने लोगों का नाम सामने कभी सामने आएगा तो वह बचाने का प्रयास करेंगी लेकिन साय सरकार ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार के मामले में यदि किसी बड़े भाजपा नेता का नाम भी सामने आता है तो उसके खिलाफ एजेंसी वैसी ही कार्रवाई करेगी जैसे दूसरे दलों के नेताओं व समर्थकों के खिलाफ किया जाता है। भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला प्रकरण में कांग्रेस नेताओं समर्थकों के साथ ही भाजपा नेताओं व समर्थकों का नाम आने पर ईडी ने कोई भेदभाव नहीं किया कि भाजपा नेताओं के छापा न मारा जाए और कांग्रेस नेताओं के यहां ही छापा मारा जाए।कार्रवाई के दौरान पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के करीबी रिश्तेदार भूपेंद्र चंद्राकर और दुर्ग के भाजपा नेता चतुर्भुज राठी के ठिकानों पर छापेमारी की है।कांग्रेस के समय तो ऐसा कभी सुना नहीं गया कि कांग्रेस नेताओं के यहां किसी भ्रष्टाचार के मामले में छापा मारा गया है लेकिन साय से समय लोग देख सुन व पढ़ रहे हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा नेताओं या उनके करीबियों के छापा मारा जा रहा है। इससे जनता में यह संदेश तो जाता है कि साय सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ है और जो भी करेगा उसके खिलाफ बिना भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी। साय सरकार को जनता ने चुनाव में जिताकर सत्ता सौंपी तो उनके सामने यही सबसे बड़ी चुनौती थी उनकी सरकार पिछली सरकार से कैसे अलग हो सकती है। जनता को कैसे बताया जाए कि साय सरकार पिछली सरकार से कैसे अच्छी सरकार है। पिछली सरकार में जो कुछ हुआ उसे न होने देकर ही साय सरकार खुद की अलग ईमानदार सरकार की छबि बना सकती थी, पहचान बना सकती थी और दो साल में साय सरकार ऐसी छबि व पहचान बनाने में सफल रही है। भाजपा नेताओं का यहां ईडी का छापा पड़ने से यह साफ हो गया है कि साय सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ है चाहे वह कांग्रेस नेता करे या भाजपा नेता करें, उनके खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई होगी।

**विशेष लेख**

# 'बगिया के विष्णु' का विकास विजन सुशासन से जन-जन तक पहुंच रही सरकार

**एल.डी.मानिकपुरी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, कोरिया**

छत्तीसगढ़ में बीते लगभग ढाई वर्षों में शासन की कार्यशैली को लेकर एक नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश दिखाई देती है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्सुशासनश् को केवल एक नारा नहीं, बल्कि जमीनी क्रियान्वयन का आधार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सीमित समयावधि करीब 2 वर्ष 4 माह 17 दिन में ही सरकार ने विकास का जो खाका तैयार किया है, उसे भविष्य की बड़ी तस्वीर के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश की पहचान 'धान का कटोरा' के रूप में रही है, लेकिन इस पहचान को सम्मान देने का काम हालिया नीतिगत निर्णयों में स्पष्ट दिखता है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय करना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के आत्मविश्वास को मजबूत करने की पहल भी है। इसके साथ ही, तेंदूपत्ता संग्राहकों जिन्हें 'हरा सोना' से जुड़ा श्रमिक वर्ग कहा जाता है, के लिए पारिश्रमिक दर को 5500 रुपये करना और चरण पादुका वितरण जैसे निर्णयों ने आदिवासी क्षेत्रों में राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही लगभग 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देना सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। बेघर और जरूरतमंद परिवारों को छत उपलब्ध कराना सुशासन की पहली सीढ़ी के रूप में देखा गया।राज्य सरकार ने 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि देने की पहल की। यह राशि भले सीमित लगे, लेकिन ग्रामीण और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह आर्थिक संबल का काम कर रही है। यह कदम महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहे बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयासों ने असर दिखाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह की




रणनीति और संकल्प के साथ 31 मार्च 2026 तक नक्सलमुक्ति का लक्ष्य एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। इससे विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद बढ़ी है। विष्णु देव साय सरकार ने युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोगश् से जुड़े मामलों में जांच कराना सरकार के जवाबदेही वाले दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही, खेल गतिविधियों विशेषकर बस्तर व सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है।

विगत वर्ष आयोजित 'सुशासन तिहार' को इस वर्ष भी 1 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ना है। श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य के समन्वय को श्डबल इंजन सरकारश् के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि इस समन्वय से विकास योजनाओं को गति मिली है और इसका लाभ प्रदेश के लगभग तीन करोड़ नागरिकों तक पहुंच रहा है।

'बगिया के विष्णु' के रूप में पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों ईब से इंद्रावती तक विकास का जो रोडमैप तैयार किया है, वह समावेशी विकास की अवधारणा को दर्शाता है। लक्ष्य स्पष्ट है, अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। छत्तीसगढ़ में सुशासन की यह यात्रा अभी श्प्रारंभिक चरणश् में है, लेकिन दिशा स्पष्ट दिखाई देती है। सरकार की प्राथमिकताओं में किसान, महिला, आदिवासी, युवा और ग्रामीण समाज केंद्र में हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ये नीतियां किस तरह स्थायी बदलाव का रूप लेती हैं, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि विकास की यह कहानी गति पकड़ चुकी है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से बड़ी खुशखबरी मिलेगी और आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

वृष राशि- आज आपका दिन शांतिपूर्ण बीतेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप कुछ नया सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत और कार्य करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। आज आपको नयी जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। आज अध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने लिए अच्छा मौका मिलेगा। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की सख्त जरूरत है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लकी साबित होगा। असंभव सा लगने वाला काम भी आज पूरा हो जाएगा साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से ख़ुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। अपने स्वभाव में धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आज आपको किसी समस्या का समाधान भी मिल सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे और योजना बनाएंगे। आपकी कार्य योजनाएं सफल होने के योग हैं।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज किसी फिल्म में गाने का मौका मिल सकता है। आज किसी सामाजिक कार्यशाला में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढऩे की कोशिश करें।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको ख़ुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता मिलने के योग भी हैं। आपके लिए जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी।

**व्यंग्य**

## नकली गम के असली हिस्सेदार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

शहर के उस वीवीआईपी मोहल्ले में दुख भी ब्रांडेड था। दीवान साहब क्या मरे, कोठी के बाहर मातम की सेल लग गई। सफ़ेद कुर्ते-पजामे में लोग ऐसे सजे थे जैसे किसी मातम-थीम वाली पार्टी में आए हों। रुआंसा होना वहाँ शिष्टाचार था, पर रोना मिडिल क्लास होने की निशानी। तभी शोक-लिमिटेड कंपनी की गाड़ी रुकी और चार पेशेवर मातमगीर उतरे। इनके चेहरे पर दुख की ऐसी परत थी कि फेयरनेस क्रीम भी शर्मिंदा हो जाए। छोटा बेटा, जो पिता की वसीयत और नेटफ्लिक्स के सब्सक्रिप्शन के बीच झूल रहा था, धीरे से बोला, "देखिए, माहौल ऐसा बनाइए कि पड़ोसियों को लगे कि पिता नहीं, कोई भगवान गकए हैं। पैकेज में हिचकियां और छाती पीटना भी शामिल है न?" मुख्य मातमगीर ने उसे ऐसे देखा जैसे कोई कलाकार किसी नौसिखिए को देखता है, और बस इतना कहा, "साहब, हम आंसुओं की खेती करते हैं, फसल ऐसी काटेंगे कि पूरा मोहल्ला डूब जाएगा।"दीवान साहब के शव के पास पहुंचते ही मुख्य मातमगीर ने जो तान छेड़ी, उसे सुनकर मोहल्ले के कुत्ते भी डिप्रेशन में चले गए। "ओ मेरे अन्नदाता! आप क्या गए, मोहल्ले की रौनक चली गई!" उसकी आवाज़ में वो दर्द था जो अक्सर ईएमआई बाउंस होने पर भी नहीं होता। उसने शव के पैर ऐसे पकड़े जैसे वो कोई खोया हुआ खजाना हो। घर की औरतें, जो अब तक साड़ियों के मैचिंग और कैटरिंग के मेन्यू पर चर्चा कर रही थीं, अचानक 'हाथ से बने' आंसुओं के मुकाबले में पिछड़ने लगीं। लोग फुसफुसा रहे थे—"क्या वफादार लोग हैं, दीवान साहब की रूह भी ऊपर बैठकर खुश हो रही होगी कि चलो, कोई तो है जो मुफ्त में नहीं रो रहा।" बड़ा बेटा अपनी रुमाल भिगोने के लिए बार-बार आंखों में ग्लिसरीन डाल रहा था ताकि इन भाड़े के रुदालियों से कंपटीशन कर सके। श्मशान की राह में उन चारों ने ऐसा कोहराम मचाया कि लगा साक्षात यमराज को भी अपनी नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा। वे दीवान साहब के गुणों का ऐसा बखान कर रहे थे जैसे वो कोई समाज सुधारक थे, जबकि सच ये था कि दीवान साहब ने पूरी जिंदगी ब्याज और बददुआएं कमाने में बिताई थी। चिता के पास पहुंचकर मुख्य मातमगीर ने अपनी छाती पीटनी शुरू की, "बाबूजी, हमें किसके भरोसे छोड़ गए?" छोटा बेटा मन ही मन मुस्कराया, "पैसा वसूल है भाई, एकदम नेचुरल एक्टिंग।" जैसे-जैसे आग की लपटें बढ़ीं, उन चारों का विलाप पेशेवर दायरे से बाहर निकलकर व्यक्तिगत होने लगा। वे अब चीख नहीं रहे थे, तड़प रहे थे। उनकी आंखों से बहता पानी अब पैकेज का हिस्सा नहीं लग रहा था। अंतिम क्रिया खत्म हुई। बेटे ने चेक बुक निकाली और मुख्य मातमगीर के पास गया, "ये लो तुम्हारा बोनस, बहुत जानदार परफॉर्मेंस थी।" मातमगीर ने चेक की तरफ देखा भी नहीं, उसकी नजरें चिता की राख पर टिकी थीं। उसने अपनी फटी हुई कमीज की जेब से एक पुराना खत निकाला और राख में डाल दिया। "साहब, हम रोने के पैसे नहीं लेते, हम तो बरसों का हिसाब बराबर करने आए थे।" बड़े बेटे ने चिढ़कर पूछा, "क्या मतलब? पहेलियां मत बुझाओ।" मातमगीर की आंखों में अब वो आग थी जो चिता में भी नहीं बची थी। वह बोला, "पच्चीस साल पहले दीवान साहब ने जिस अनाथालय की जमीन हड़प कर ये कोठी खड़ी की थी, हम उन अनाथ बच्चों की पहली खेप हैं। उन्होंने हमें सड़कों पर रोने के लिए छोड़ा था, आज हम उन्हें उसी कर्ज का ब्याज चुकाने आए थे। आज हम प्रोफेशनल बनकर नहीं, बल्कि उनके पापों के गवाह बनकर रोए हैं।" चारों सन्नाटे को चीरते हुए निकल गए, और कोठी के वारिस वहां खड़े होकर अपनी वसीयत के कागज देख रहे थे, जिन पर अब राख जमी थी।

## शांति स्थापित करने का सशक्त माध्यम है स्वतंत्र प्रेस

**सुनील कुमार महला,**



मीडिया की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की मजबूती के संदर्भ में हर वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि मीडिया केवल समाचार देने का ही माध्यम नहीं है, बल्कि यह विश्व में शांति, पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करने का भी एक सशक्त व शानदार उपकरण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि किसी भी देश में प्रेस की स्थिति उसके लोकतंत्र की मजबूती का असली दर्पण होती है, शायद यही कारण भी है कि इसे 'लोकतंत्र का आईना' भी कहा जाता है। वास्तव में, प्रेस की स्वतंत्रता सीधे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ी है, जो एक मौलिक मानव अधिकार है।सच तो यह है कि यह केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि कानूनी अधिकार भी है।पाठक जानते होंगे कि कई देशों में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी एक बड़ी चुनौती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि इस दिवस का मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व को समझाना, पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

यदि हम इस दिवस के इतिहास पर दृष्टि डालें तो वर्ष 1991 में नामीबिया(अफ्रीका) में आयोजित सम्मेलन में 'विंडहोक घोषणा' को अपनाया गया था, जिसमें स्वतंत्र, बहुलवादी और मुक्त प्रेस का आह्वान किया गया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1993 में 3 मई को इस दिवस के रूप में घोषित किया। गौरतलब है कि यह प्रस्ताव यूनेस्को के 26वें महासम्मेलन में पारित किया गया था।यहां उल्लेखनीय है कि इस दिवस पर हर वर्ष एक वैश्विक सम्मेलन आयोजित किया जाता है। वर्ष 2026 में यह सम्मेलन लुसाका (जाम्बिया) में आयोजित हो रहा है, जहां पत्रकार, तकनीकी विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और मानवाधिकार कार्यकर्ता एक साथ विचार-विमर्श करते हैं। इतना ही नहीं, इसी अवसर पर यूनेस्को द्वारा 'गिलर्मो कैनो विश्व प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार' भी प्रदान किया जाता है, जो उन पत्रकारों को सम्मानित करता है, जिन्होंने जोखिम उठाकर सत्य को निष्पक्षता और निडरता से दुनिया के सामने उजागर किया।बहुत कम लोग जानते हैं कि रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स हर वर्ष 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' जारी करता है, जिससे यह आकलन किया जाता है कि किस देश में मीडिया कितनी स्वतंत्र है। वास्तव में, यह सूचकांक वैश्विक स्तर पर प्रेस की स्थिति को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आज एआइ व संचार क्रांति का दौर है और आज के डिजिटल युग में प्रेस की परिभाषा और स्वरूप दोनों बदल गए हैं। पहले जहां अखबार, रेडियो और टीवी प्रमुख थे, वहीं अब इंटरनेट और सोशल मीडिया भी 'डिजिटल प्रेस' का रूप ले चुके हैं। आम नागरिक भी अब सूचना के प्रसार में भागीदारी कर रहे हैं। इससे सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, लेकिन 'फेक न्यूज़' और दुष्प्रचार का खतरा भी बढ़ गया है।कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा की हैं। यह खबरों के संग्रह और विश्लेषण को तेज बनाती है, लेकिन इसका दुरुपयोग गलत सूचनाएं फैलाने में भी हो सकता है। सोशल मीडिया के एल्गोरिद्म यह तय करते हैं कि लोगों को कौन-सी खबर दिखाई जाएगी, जिससे 'अदृश्य नियंत्रण' का एक नया स्वरूप उभर रहा है। हर वर्ष इस दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है, जो समकालीन चुनौतियों को दर्शाती है। वर्ष 2025 की थीम थी-'बहादुर नई दुनिया में रिपोर्टिंगः प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव।' वास्तव में, यह थीम खास तौर पर इस बात पर केंद्रित थी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) पत्रकारिता, मीडिया और सूचना प्रणाली को कैसे बदल रही है।एआइ(आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)पत्रकारिता को तेज और प्रभावी बना रही है,लेकिन साथ ही फेक न्यूज़, डीपफेक और दुष्प्रचार जैसी चुनौतियाँ भी बढ़ा रही है।इस थीम का मुख्य संदेश था कि तकनीक का उपयोग इस तरह किया जाए कि वह प्रेस की स्वतंत्रता को मजबूत करे, कमजोर नहीं।वहीं वर्ष 2026 की थीम है-'शांति के भविष्य का निर्माणः मानवाधिकार, विकास और सुरक्षा के लिए प्रेस स्वतंत्रता को बढ़ावा देना।'भारत के संदर्भ में, संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, लेकिन यह अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में निहित है। यह नागरिकों को बिना किसी भय के अपनी बात रखने का अधिकार देता है।हालांकि; राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और नैतिकता के आधार पर कुछ सीमाएं भी लागू होती हैं। गौरतलब है कि भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारतीय प्रेस परिषद, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया जैसे संस्थान कार्यरत हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स और कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के समय में प्रेस और पत्रकारिता के समक्ष कई चुनौतियां मौजूद हैं। मसलन-पत्रकारों पर हमले, धमकियां, मानहानि के मुकदमे, मीडिया स्वामित्व का केंद्रीकरण, सरकारी विज्ञापनों पर निर्भरता, राजद्रोह और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कानून, तथा 'सेल्फ-सेंसरशिप'। ये सभी प्रेस की स्वतंत्रता को प्रभावित करते हैं। बहरहाल, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत में हर वर्ष 16 नवंबर को 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' मनाया जाता है, जो प्रेस की जिम्मेदारी और स्वतंत्रता की याद दिलाता है। प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और 'वॉचडॉग' की भूमिका निभाता है। यह सरकार और अन्य शक्तिशाली संस्थानों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है, भ्रष्टाचार को उजागर करता है और नागरिकों को जागरूक बनाता है। प्रसिद्ध पत्रकार वाल्टर क्रोनकाइट ने कहा था-'प्रेस की स्वतंत्रता केवल लोकतंत्र के लिए आवश्यक नहीं है, बल्कि यह स्वयं लोकतंत्र है।' वहीं अल्बर्ट कैमस के अनुसार-'स्वतंत्र प्रेस अच्छा या बुरा हो सकता है, लेकिन स्वतंत्रता के बिना वह कभी अच्छा नहीं हो सकता।' और फिनले पीटर डन ने पत्रकारिता का सार बताते हुए कहा था कि-'पत्रकारिता का कर्तव्य पीड़ितों को सांत्वना देना और शक्तिशाली लोगों को असहज करना है।'

अंततः, प्रेस की स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र, पारदर्शिता और विकास का आधार है। इसकी रक्षा करना सरकार, मीडिया और नागरिक-तीनों की साझा जिम्मेदारी है।

## सू- दोकू क्र.026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -026

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# बस्तर मुन्ने: समाधान शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं की घर पहुंच सेवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 2 मई।** बस्तर जिले में आत्मनिर्भर गांव, खुशहाल समाज के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए बस्तर मुन्ने अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जगदलपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कुम्हली में एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया, यह शिविर केवल एक आयोजन मात्र नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का सेतु बना। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज शुक्रवार को शिविर में शामिल होकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।





इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि विकास की दौड़ में कोई भी ग्रामीण पीछे न छूटे, इसके लिए शिविर में 31 महत्वपूर्ण योजनाओं की संतृप्ति का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों में आधार ऑपरेटरों सहित सभी 10 अनिवार्य विभागों के मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सहूलियत मिल सके। शुक्रवार 1 मई से शुरू हुई इन विभिन्न गतिविधियों के तहत गांव के बुनियादी ढांचे जैसे हर घर तक पानी की सुचारू आपूर्ति, बिजली और सड़कों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। विशेष रूप से उन मोहल्लों की जानकारी ली गई जहाँ जल आपूर्ति में बाधा आ रही है, और उन्हें तत्काल दुरुस्त करने की रणनीति बनाई गई। इस अभियान के माध्यम से शासन की कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि और किसान क्रेडिट कार्ड को सीधे हितग्राहियों से जोड़ा जा रहा है। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, श्रम कार्ड और व्यक्तिगत शौचालयों की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 10 मई को

**जगदलपुर,2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए राज्य शासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश की तैयारी शुरू हो गई है। इन विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए में सफल होने के लिए गहन प्रशिक्षण देना है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त द्वारा जारी सूचना के अनुसार इस सत्र की प्रवेश परीक्षा आगामी 10 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विद्यार्थियों को सुबह 9.30 बजे से 10 बजे के बीच ओएमआर शीट भरने का समय दिया जाएगा, जिसके पश्चात प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राक्कयन परीक्षा संपन्न होगी। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 1 मई से परीक्षा के दिन 10 मई की सुबह 9.30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे अपने संबंधित जिले के आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के सेमेस्टर परीक्षा की आवेदन तिथि बढ़ी

**जगदलपुर,2 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर ने वर्ष 2025-26 के जनवरी से जून सत्र की सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने की तिथि 5' मई तक बढ़ा दी गई है। सौ रूपए विलंब शुल्क के साथ आठ मई तक फार्म ऑनलाइन भरे जाएंगे। आवश्यक दस्तावेज के साथ ऑनलाइन प्रिंट नौ मई तक संबंधित संस्थान में जमा लिए जाएंगे। नए व पुराने पाठ्यक्रम के सेमेस्टर मोड के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा के रेगुलर, प्राइवेट, भूतपूर्व, एटीकेटी के उत्तीर्ण, प्रमोटेड एवं डिटेंड स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर देख सकते हैं।

### छू लो आसमान, बालूद के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान

**दंतेवाड़ा, 2 मई।** जिले में संचालित छू लो आसमान बालूद के विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल संस्था बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस क्रम में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में संस्था के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। यहां विवेक कुमार राणा ने 580 अंक (96.67 प्रतिशत) प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान, हडमो कवासी ने 571 अंक (95.17 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान, मोटू टाटी ने 570 अंक (95.00 प्रतिशत) के साथ चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसके अलावा ज्ञानेंद्र कुमार साहू एवं शंकर लाल पोडियम ने 564-564 अंक (94.00 प्रतिशत) प्राप्त कर संयुक्त रूप से षष्ठम स्थान प्राप्त किया, जबकि नमन कुमार सिन्हा ने 557 अंक (92.83 प्रतिशत) के साथ जिले में नवम स्थान हासिल किया। यहां सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की है, जो संस्था के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं अनुशासित वातावरण को दर्शाता है। इसी प्रकार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य) 2026 में भी संस्था के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस क्रम में गौरव मरकाम ने 83.390 प्रतिशत, ईशांत ने 78.072 प्रतिशत तथा रोशन कुमार मुचाकी ने 70.011 प्रतिशत प्राप्त किया है। इन विद्यार्थियों का राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) में चयन लगभग सुनिश्चित माना जा रहा है, जो संस्था के लिए गर्व का विषय है। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर जिले के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्था के अधीक्षक श्री राजा पॉल एवं प्रभारी अधिकारी श्री वी.एस. टाटी ने बताया कि छू लो आसमान जिला प्रशासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवासीय सुविधा, मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। नियमित कक्षाएं, परीक्षण श्रृंखला, संदेह समाधान एवं अनुशासित अध्ययन वातावरण संस्था की प्रमुख विशेषताएं हैं, जिनके कारण इस प्रकार के उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाए हैं।

# लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से आत्मसमर्पित हितग्राहियों को ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण देने मजबूत पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 2 मई।** जिले में पुनर्वास की मुख्यधारा से जुड़ रहे आत्मसमर्पित हितग्राहियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। इस पहल के तहत आत्मसमर्पित हितग्राहियों को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ने के लिए ट्रैक्टर संचालन का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि हितग्राहियों के आत्मविश्वास को पुनर्जीवित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में सशक्त रूप से स्थापित करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ट्रैक्टर के सुरक्षित संचालन, रखरखाव, कृषि कार्यों में इसके उपयोग तथा व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। लाइवलीहुड कॉलेज के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक एवं तकनीकी दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे हितग्राही न केवल कुशल चालक बन सकें, बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी तलाश सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात इन हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ने के लिए भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकें। इस पहल से जुड़े हितग्राहियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन में एक नई दिशा लेकर आया है। उन्होंने कहा कि पहले जहां वे सीमित अवसरों में बंधे हुए थे, वहीं अब उन्हें अपने भविष्य के प्रति एक नई आशा और आत्मविश्वास महसूस हो रहा है। जिला प्रशासन की यह पहल न केवल पुनर्वास की प्रक्रिया को सुदृढ़ बना रही है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की एक नई मिसाल भी प्रस्तुत कर रही है। यह प्रयास यह दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकता है।



# एस्मा लागू होने से तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिली राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 2 मई।** वनमंडल बीजापुर के तहत तेंदूपत्ता सीजन 2026 की शुरुआत 1 मई से होनी है, लेकिन प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ की 8 सूत्रीय मांगों पर 27 अप्रैल से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल ने शासन को चिंतित कर दिया था। इससे संग्रह कार्य प्रभावित होकर करोड़ों का नुकसान होने की आशंका थी। स्थिति को भांपते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने 29 अप्रैल को एस्मा लागू कर दिया। आदेश के मुताबिक, तेंदूपत्ता संग्रह से जुड़े सभी कर्मचारी व प्रबंधक आवश्यक सेवा में शामिल हैं। कोई भी कार्य से इंकार नहीं कर सकेगा और यह आदेश तीन माह तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला हजारों ग्रामीणों व वनवासियों के हित में है, जिनकी कमाई तेंदूपत्ता पर टिकी है। हड़ताल टलने से उनकी आय सुरक्षित रहेगी आर्थिक गतिविधियां सुचारू होंगी। तेंदूपत्ता संग्रहण राज्य की वन आधारित अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे बड़ी संख्या में वनवासियों और ग्रामीण श्रमिकों की आजीविका जुड़ी हुई है। यह कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का एक प्रमुख स्रोत है। इसकी सुचारुता राज्य की आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक है।



# पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामों में जल सुलभ कराने का अटूट संकल्प

**दंतेवाड़ा, 2 मई।** भीषण गर्मी के मौसम में जब जल की उपलब्धता ग्रामीण जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन जाती है, ऐसे समय में जिला दंतेवाड़ा के सुदूर अंचल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समर्पित टीम ने सेवा, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मालूम हो कि जिला दंतेवाड़ा का अंतिम छोर, सुकमा सीमा के निकट स्थित ग्राम पंचायत जंगमपाल, लंबे समय से पेयजल संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा था। यहां गर्मी बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो गई थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हैंडपंप टेक्नीशियन टीम तत्काल जंगमपाल और आसपास के सुदूर गांवों के लिए रवाना हुई। विकासखंड कटेकल्याण के दुर्गम वनांचल क्षेत्र में बसे इन ग्रामों में पूरे मशीनरी, उपकरण, साजो-सामान के साथ पहुंचना आसान कार्य नहीं है। फिर भी कठिन मार्ग और सीमित संसाधनों के बावजूद टीम ने हार नहीं मानी। टीम ने लगातार तीन दिन और दो रातें गांवों में रहकर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने का कार्य किया। इस दौरान उन्हें घर-परिवार से दूर रहकर जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करना पड़ा, लेकिन उनका उद्देश्य स्पष्ट था, हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना। इस विशेष अभियान के दौरान टीम को लीड हैंडपंप टेक्नीशियन उमा शंकर नेताम द्वारा किया गया। टीम ने जंगमपाल सहित आसपास के लगभग पाँच से छह गांवों जंगमपाल, प्रतापगिरी, छोटेलखापाल, छोटेतोंगपाल जैसे अंदरूनी ग्रामों का भ्रमण किया। जहां सामान से भरे पिकअप को नदी पार किया गया तो कभी भरी सामान कंधों पर रखकर पगडंडियों पर चलकर जाना पड़ा। प्रत्येक गांव में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत की गई, आवश्यक तकनीकी सुधार किए गए, जल स्रोतों की सफाई की गई तथा जल स्रोतों का क्लोरीनेशन कर जल गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। इस अथक मेहनत से हैंडपंपों का पुनर्संचालन हुआ। और ग्रामीणों को पुनः स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने टीम के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट से राहत मिलना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। विभाग की इस त्वरित और प्रभावी पहल से न केवल पेयजल व्यवस्था बहाल हुई, बल्कि ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास भी और मजबूत हुआ। यह पहल दर्शाती है कि जब सेवा का संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी दूरी, कठिनाई या चुनौती कार्य के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

# अबूझमाड़ के जाटलूर में लगने लगा साप्ताहिक बाजार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 2 मई।** जिले का अबूझमाड़ एक ऐसा इलाका जिसकी पहचान दशकों तक घने जंगलों, अनसुलझे रास्तों और नक्सलवाद के खौफ से रही है, लेकिन अब यहां की हवाएं बदल रही हैं। जिला मुख्यालय नारायणपुर से लगभग 100 किलोमीटर और ब्लॉक मुख्यालय ओरछा से 35 किलोमीटर दूरी पर ओरछा ब्लाक के सुदूर गांव जाटलूर में लगने वाला साप्ताहिक बाजार केवल व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि माड़ की बदलती तकदीर और ग्रामीणों के हौसले की नई इबारत है। जाटलूर की ओर जाते समय सबसे बड़ा बदलाव सड़क संपर्क के रूप में दिखाई देता है. पहले जहां सिर्फ जंगल, पहाड़ और संकरे रास्ते थे, अब वहां चौड़ी कच्ची सड़कें बन गई हैं। इन सड़कों को पुलिस ने तैयार किया है। इससे ग्रामीणों का ओरछा ब्लॉक मुख्यालय से सीधा संपर्क संभव हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अब सन्नाटा नहीं रहता। शनिवार को आस-पास के लोग इकट्ठा होते हैं, बातचीत होती है और जरूरतें पूरी होती हैं। यह बाजार हमारे लिए उम्मीद की किरण है।

कुछ समय पहले तक जाटलूर और आस-पास के ग्रामीणों के लिए नमक से लेकर सब्जी तक खरीदना एक बड़ी चुनौती थी। कलेक्टर नम्रता जैन जब क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचीं, तो ग्रामीणों ने एक सुर में स्थानीय स्तर पर बाजार शुरू करने की मांग रखी थी। प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित एक्शन लिया और अब हर शनिवार यहां रौनक बिखरने लगी है। इस बदलाव की सबसे बड़ी नींव क्षेत्र में स्थापित नए पुलिस कैंप हैं। कभी डर के साये में रहने वाले ग्रामीण अब बेखौफ होकर घर से बाहर निकल रहे हैं। पुलिस कैंपों ने न केवल नक्सली नेटवर्क को पीछे धकेला, बल्कि ग्रामीणों में यह विश्वास जगाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। यही वजह है कि कल तक जो हाथ सुरक्षाबलों को देखकर ठिठक जाते थे, वे अब बाजार में लेन-देन करते नजर आते हैं।

ग्रामीण बुधराम उसेंडी का कहना है कि पहले नक्सल दहशत के चलते इन क्षेत्रों में कोई भी व्यापारी आने से डरते थे लेकिन पुलिस कैंप स्थापित होने के बाद से ग्रामीणों को सुविधाएं मिल रही है, अब गांव में ही सोसायटी और सड़कों पर पुल की सुविधा भी मिल जाए तो अच्छा होगा। प्रधान आरक्षक जिला बल के मनोज ध्रुव ने बताया कि कैंप लगने से ग्रामीणों में खुशी है, जब हम नक्सलियों के लिए चलाए जाने वाले ऑपरेशन में टीम के साथ गांव आते थे, तब गांवों में दहशत थी, आज बाजार को सुरक्षा देने पहुंचे हैं तो हम भी पुलिस और ग्रामीण के बीच सामंजस्य बैठाने की कोशिश कर रहे हैं।

# विधवा महिला ने पार्षद पर घर के मुख्य द्वार पर ताला लगाने का लगाया आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 2 मई ।** निगम क्षेत्र अंतर्गत शहीद गुंडाधुर वार्ड क्रमांक 45 में एक विधवा महिला नजूल भूमि पर स्थित अपने घर में निर्माण कार्य को लेकर गंभीर विवाद में फंस गई है। पीड़िता महिला श्रीमती बालो कश्यप (55 वर्ष), निवासी जोरीपारा, ने प्रेसवार्ता में बताया कि वह करीब 45 वर्षों से यहां पर निवासरत है, पति के निधन के बाद वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। उनके पांच बेटियां हैं और कोई पुत्र नहीं है। जर्जर कच्चे मकान को तोड़कर नया घर बनाने के लिए मैने नगर निगम से अनुमति लेकर निर्माण कार्य शुरू किया था। किन्तु निर्माण कार्य के दौरान विवाद उत्पन्न हुआ और घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया गया, जिससे पूरा कार्य रुक गया। इस संबंध में बोधघाट थाना में 23 अप्रैल को शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

प्रेसवार्ता के दौरान श्रीमती बालो कश्यप ने आरोप लगाया कि वार्ड क्रमांक 45 की पार्षद गायत्री बघेल द्वारा दोबारा गेट में ताला लगा दिया गया, जिससे वह अपने ही घर में प्रवेश नहीं कर पा रही हैं। इस वजह से उन्हें अपनी बेटियों के साथ दर-दर भटकने की नौबत आ गई है। पीड़िता ने बताया कि बार-बार निवेदन करने के बावजूद न तो ताला हटाया गया और न ही कोई समाधान निकाला गया। मजबूरी में एक बार ताला तोड़कर निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया गया, लेकिन पुनः ताला जड़ दिया गया। महिला ने नगर निगम आयुक्त, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं मोहल्ले के लोगों ने भी हस्ताक्षर कर यह पुष्टि की है कि पीड़िता लंबे समय से उसी स्थान पर निवास कर रही है। यह मामला प्रशासनिक निष्क्रियता और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करता है। एक ओर जहां शासन गरीबों के लिए आवास योजनाओं की बात करता है, वहीं दूसरी ओर एक जरूरतमंद महिला को अपने ही घर में रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### कन्या परिसर कारली की छात्राओं ने किया जिले में नाम रोशन

**दंतेवाड़ा, 2 मई।** इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में छू लो आसमान कन्या परिसर कारली की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में टॉप कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस क्रम में 10वीं कक्षा में विद्यालय की छात्रा तमन्ना ठाकुर पिता दिनेश ठाकुर ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं के. काव्या स्वर्णकार पिता के. नारायण स्वर्णकार ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा पायल ताती पिता अमेर सिंह ताती ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर पंचम स्थान, सीमा पिता हुंगा ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर सप्तम, अनीशा राय पिता दीपकर राय एवं भूमिका नागवंशी पिता केशव राव नागवंशी, सरस्वती यादव पिता नीलू राम यादव ने 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर नंवम स्थान, हासिल किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में छात्रा टिशा साहू पिता राम नारायण साहू ने 92.80 प्रतिशत अंक लाकर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

# ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता से रोका जा सकता है बाल विवाह: नरेंद्र पाणिग्राही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 2 मई ।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत पोड़ागुड़ा में बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा आज शुक्रवार को संचालित चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत क्लस्टर स्तर पर ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्था के सचिव डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जगदलपुर विकासखंड के 12 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बाल संरक्षण, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, मानव तस्करी, नशा मुक्ति तथा बाल विवाह रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने, समुदाय में जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति बस्तर के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने बच्चों के अधिकारों एवं बाल विवाह की रोकथाम में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर सक्रिय निगरानी और जन-जागरूकता से बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायतें न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, बल्कि समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभा सकती हैं।






वहीं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम एवं अन्य बाल संरक्षण विषयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना समाज और पंचायत की सामूहिक जिम्मेदारी है। पंचायत स्तर पर सतर्कता और सही जानकारी होने पर बच्चों से जुड़े शोषण, उपेक्षा एवं अन्य समस्याओं को समय रहते रोका जा सकता है।


कार्यक्रम के सफल आयोजन में फील्ड ऑफिसर डॉ. नारायण दास पंथ, फील्ड कोऑर्डिनेटर हरिमोहन रॉय एवं रामेश्वर जोशी, तथा कम्युनिटी मोबिलाइजर्स विनोद साहू, सुचित्रा पॉल, जामली कर्मा, गुड़िया मौर्य, ज्योत्सना प्रधान, खुशबू बघेल, तनुजा सलाम एवं सरिता बघेल का योगदान रहा। इसके अतिरिक्त संस्था के सियाराम नेताम, थबीर सिंह, मनीषा कश्यप, भूमिका, रुचिका यादव, सुखविंदर कौर, संतोष पटेल, निलेश भारती, सूरज नाग, कमल यादव एवं रामेश्वर ध्रुव सहित अन्य स्टाफ का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

# अवैध उत्खनन व परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध होगी दण्डात्मक कार्रवाई

**दंतेवाड़ा, 2 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा गौण खनिज साधारण रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन कर रहे वाहन,मशीनों के मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार लगातार कार्यावाही जारी है इस क्रम में आज दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिंदनार, तहसील बारसूर स्थित इन्द्रावती नदी क्षेत्र में गौण खनिज साधारण रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन के संबंध में खनिज जांच अमलें द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। मौके जांच में ग्राम छिंदनार स्थित सीआरपीएफ कैम्प के समीप स्थित इंद्रावती नदी क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध उत्खनन, परिवहन नहीं किया जाना पाया गया। मौके जांच में पाया गया कि पूर्व में खनिज साधारण रेत के उत्खनन हेतु नदी क्षेत्र में रैम्प (रास्ता) निमार्ण किया गया था। उक्त रैम्प को मौके जांच उपरान्त जेसीबी मशीन की सहायता से खोद कर रास्ता बंद किया गया जिससे कि अवैध उत्खनन, परिवहन को रोका जा सके। पूर्व में भी जिले के वाहन, मशीनों के मालिकों को निर्देशित किया गया है।

# तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान जंगली सूअर का हमला, 4 घायल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**पाण्डुका, 2 मई।** गरियाबंद पाण्डुका वन परिक्षेत्र अंतर्गत 1 मई से शुरू हुई तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान गुरुवार तड़के जंगल में बड़ा हादसा हो गया। तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर अचानक जंगली सूअर ने हमला कर दियाए जिसमें 4 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पोंड निवासी मोरज कुमार 23 वर्ष पिता कामता साहू जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे। तभी जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मोरज कुमार को पहले उप स्वास्थ्य केंद्र पाण्डुका ले जाया गयाए जहां से हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय गरियाबंद रेफर किया गया।

इसी घटना में पोंड निवासी टमेश्वर 28 वर्ष पिता डेरहा धीवरए रेवा बाई तथा एक अन्य महिला भी जंगली सूअर के हमले में घायल हुईं। वहीं ग्राम कुटेना के एक युवक पर भी सूअर ने हमला किया। सभी घायलों का उपचार शासकीय एवं निजी अस्पताल में कराया गया है। फिलहाल सभी की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।वन विभाग की टीम घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान तड़के सुबह जंगल में जाने से बचें और समूह में सावधानीपूर्वक प्रवेश करेंए क्योंकि अचानक भीड़ देखकर जंगली जानवर भयभीत होकर हमला कर सकते हैं।

### राहगीरों को सांस लेने और आंख में धूल जाने की शिकायत

# कलेक्टर साहब, कोपरा से पोखरा निर्माणाधीन रोड पर पानी तो डलवा दीजिए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,2 मई।** कोपरा से पोखरा तक 26 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत 70 करोड़ रुपये लोगों के लिए राहत का सपना लेकर आए थे। दावा था कि आसपास के कई गांवों की आवाजाही आसान होगी। लेकिन निर्माण के छह माह बाद हकीकत यह है कि यह मार्ग 'धूल कॉरिडोर' में बदल चुका है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मुरूम बिछाने के बाद नियमानुसार पानी का छिड़काव नहीं कर रहा। बड़े-छोटे वाहनों की आवाजाही से धूल के गुबार उठते हैं और कई जगह 10 मीटर तक भी साफ दिखाई नहीं देता। रोजाना करीब 20 हजार लोग इस मार्ग से गुजरते हैं—स्कूल-कॉलेज के बच्चे, मरीज, किसान और आम राहगीर—जो आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत कर रहे हैं। खेतों में खड़ी फसलों पर भी धूल की मोटी परत जम रही है।नियमों के मुताबिक निर्माण के दौरान दिन में कम से कम तीन बार पानी छिड़काव जरूरी है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि महीनों से एक टैंकर तक नहीं दिखा। राहत देने वाली सड़क, निर्माण के दौरान ही मुसीबत बन गई है ग्रामीणों का आक्रोश साफ है।यह मार्ग क्षेत्र के लिए अहम है और उच्च स्तर से राशि स्वीकृत कराई गई थी, ताकि मुड़तराई, जेंजरा, देवरी, कौंदकेरा, रामनगर, बहेरापाल, बोरसी, बासीन और पोखरा जैसे गांवों को सीधा लाभ मिले। पर ठेकेदार की कथित लापरवाही से हालात उलट दिख रहे हैं।ग्रामीणों ने कलेक्टर और पीडब्ल्यूडी से तत्काल हस्तक्षेप कर नियमित पानी छिड़काव सुनिश्चित कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। पीडब्ल्यूडी इंजीनियर माधव देवांगन से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी।

## एक नजर

### निर्धारित स्थलों पर 8 को किया जाएगा कन्या विवाह

**राजिम, 2 अप्रैल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 03 मई 2026 रखा गया था। राज्य शासन के मंशानुरूप तिथि मे परिवर्तन करते हुये मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन आगामी 08 मई 2026 को जिले के सभी परियोजनाओं द्वारा निर्धारित स्थलों मे अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो माता पिता अपने विवाह योग्य लड़के-लड़कियों का सामूहिक विवाह कराना चाहते है ऐसे जोड़ों का पंजीयन आंगनबाड़ी केन्द्रों व संबंधित परियोजना कार्यालय से 07 मई 2026 तक करा सकते है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गयी है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का प्रचार-प्रसार करते हुये पात्र निर्धन परिवारों की कन्याओं को अधिक से अधिक योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करें।

### रबी एवं खरीफ फसलों की तैयारियों की समीक्षा

**महासमुंद, 2 मई ।** कृषि विभाग महासमुंद में आज संयुक्त संचालक कृषि श्री गयाराम की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2025-26 तथा खरीफ वर्ष 2026 के कार्यक्रम निर्धारण एवं तैयारियों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं खरीफ सीजन की तैयारियों की एजेंडावार समीक्षा की गई।बैठक में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वितरित किए जाने वाले बीज एवं उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित नमूना जांच कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लंबित फार्मर आईडी (एग्रीस्टैक) प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के लिए सुशासन तिहार एवं शिविरों के माध्यम से शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को ऑनलाइन माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने में सुविधा हो सके। खरीफ वर्ष 2026 के लिए रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरी खाद, मूंग, ढेंचा, सनई, नील हरित काई एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं उनके लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शासकीय कृषि प्रक्षेत्र बरंतुगा के प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि 22 टैंकों में नील हरित काई उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। वहीं, विकासखंड बसना के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने प्रगतिशील कृषक श्री अर्तयामी प्रधान द्वारा स्वयं के दो टैंकों में नील हरित काई उत्पादन किए जाने की जानकारी दी।संयुक्त संचालक कृषि ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए किसानों के बीच हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

### श्रमिक दिवस पर पिक्काडिली एग्रो इंडस्ट्रीज में मॉकड्रिल आयोजित

**महासमुंद, 2 मई।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार पिक्काडिली एग्रो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, महासमुंद में श्रमिक दिवस के अवसर पर कर्मकारों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।मॉकड्रिल में सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्रीमती दिशा शुक्ला, सुरक्षा अधिकारी श्री दिलीप ओझा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कारखाने में आग लगने जैसी आपात स्थिति से बचाव एवं नियंत्रण के लिए फायर टीम, बचाव दल, मेडिकल टीम तथा अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।सुरक्षा अभ्यास के दौरान बचाव दल द्वारा सुरक्षा उपकरणों एवं व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) का उपयोग करते हुए अग्नि दुर्घटना पर नियंत्रण करने का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई, समन्वय एवं सुरक्षा मानकों के पालन की जानकारी भी दी गई।औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से मॉकड्रिल के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कारखाना प्रबंधन को नियमित रूप से मॉकड्रिल आयोजित करने तथा फायर एवं अन्य आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं की सतत जांच एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### खाद्य व औषधि टीम की कार्रवाई, दूसरे दिन भी जिलेभर में जांच, कई अनियमितताएं उजागर

**रायगढ़, 2 मई।** जिले में सही दवा, शुद्ध आहार - यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर संचालित 15 दिवसीय विशेष सघन जांच अभियान के दूसरे दिन खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण कर अनियमितताओं पर कार्रवाई की गई।अभियान के तहत गठित खाद्य प्रकोष्ठ द्वारा दूसरे दिन 25 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जबकि दो दिनों में कुल 37 प्रतिष्ठानों की जांच की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान 11 प्रतिष्ठान बिना वैध लाइसेंस के संचालित पाए गए।

# भीषण गर्मी में गरियाबंद के गांवों को राहत, एक सप्ताह नहर से मिलेगा पानी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 2 मई ।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और ग्रामीणों की मांग को देखते हुए। जल संसाधन विभाग ने निस्तारी के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 को सिकासार जलाशय से जल प्रवाह बंद कर दिया गया था। इस पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू से चर्चा के बाद विभाग ने पुनः पानी छोड़ने का फैसला लिया।

1 मई 2026 से एक सप्ताह के लिए फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे ग्राम बेलर, बोड़की, जोगीडिपा और पतोरी घोघरा के ग्रामीणों को राहत मिलेगी। कुछ तालाबों को खेतों के रास्ते पानी पहुंचाकर भरा जाएगा। उन्होंने कहा है कि यदि इस दौरान खेतों में पानी जाने से किसी फसल को नुकसान होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी, न कि जल संसाधन विभाग की। साथ ही ग्रामीणों और किसानों से पानी का उपयोग सही से करने की अपील की है।

# धमतरी में डोर-टू-डोर जनगणना का शुभारंभ, कलेक्टर ने भरवाया पहला फॉर्म

**धमतरी, 2 मई।** जिले में आज से डोर-टू-डोर जनगणना कार्य का विधिवत शुभारंभ हो गया। इस क्रम में ग्राम रुद्री में प्रगणक द्वारा कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा से जनगणना संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर उनका प्रथम फॉर्म भरा गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी प्रश्नों का क्रमवार और स्पष्ट उत्तर देते हुए प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा प्रगणक से जनगणना की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी भी ली।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन हेतु पूरी तैयारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं और नीतियों की आधारशिला है। सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सही दिशा प्रदान करते हैं।

कलेक्टर ने प्रगणकों को नागरिकों से विनम्र संवाद स्थापित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणना कार्य के दौरान तकनीकी संसाधनों का भी प्रभावी उपयोग किया जाए, जिससे डेटा संकलन में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित हो सके।

भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव के उपाय अपनाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य चरणबद्ध एवं बहुस्तरीय है, जिसे टीम वर्क और बेहतर समन्वय से ही सफल बनाया जा सकता है।कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जनगणना श्री मनोज मरकाम, अतिरिक्त तहसीलदार श्री मधुकर सिरमौर तथा राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख श्री दीपचंद भारती द्वारा ग्राम रुद्री में संचालित जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने गणना ब्लॉकवार प्रगणकों द्वारा संकलित जानकारी का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए संबंधित चार्ज अधिकारियों को त्रुटिरहित एवं वास्तविक आंकड़े सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले के 627 ग्राम एवं 140 शहरी वार्डों को शामिल किया गया है। पूरे जिले में 1439 हाउस लिस्टिंग इकाइयों का सर्वे किया जाएगा। इस कार्य के लिए 1247 प्रगणक तैनात किए गए हैं तथा 126 को रिजर्व में रखा गया है, जिससे कुल प्रगणकों की संख्या 1373 है। इसी प्रकार 216 पर्यवेक्षक कार्यरत हैं और 28 रिजर्व में हैं, जिनकी कुल संख्या 244 है। इस प्रकार जनगणना कार्य के सफल संचालन हेतु कुल 1617 कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि ÷जनगणना से जन कल्याण÷ के उद्देश्य को सार्थक रूप दिया जा सके।

# सुशासन तिहार में मिला उज्ज्वला गैस कनेक्शन, मिली लकड़ी के चूल्हे से मुक्ति



**कोरबा, 2 मई ।** सुशासन तिहार ने ग्राम धनरास की गृहिणी माधुरी के जीवन में नई रोशनी भर दी है। वर्षों से लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने की मजबूरी झेलती आ रही माधुरी आज बेहद खुश है, क्योंकि शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उन्हें निःशुल्क गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा प्रदान किया गया है।

गर्मी, धुआँ और हर दिन लकड़ी जुटाने की चिंता माधुरी के लिए हमेशा से एक बड़ी परेशानी रही। दो छोटे बच्चों और मजदूरी करने वाले पति की देखभाल के बीच लकड़ी से चूल्हा जलाना उनके लिए थका देने वाला काम बन गया था। गैस कनेक्शन के लिए उन्होंने कई बार पैसे जोड़े, लेकिन पूरी राशि एक साथ जमा न कर पाने के कारण वह गैस कनेक्शन नहीं ले पाईं।माधुरी ने बताया कि उनके गाँव धनरास मे सुशासन तिहार के तहत शिविर लगने वाली है। शिविर में ग्रामीण अपना आवेदन देकर शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्हें यह भी जानकारी मिली कि शिविर में आवेदन देकर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इस जानकारी के बाद माधुरी ने तुरंत आवेदन दिया। आवेदन की जांच के उपरांत खाद्य विभाग द्वारा उनका चयन किया गया और उन्हें शिविर में गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए बुलाया गया।शिविर में उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने स्वयं माधुरी को गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा प्रदान किया। गैस चूल्हा मिलने के बाद माधुरी ने बताया कि लकड़ी का चूल्हा जलाना उनके लिए बेहद कठिन था और अब गैस मिलने से खाना बनाना बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि दो छोटे बच्चों और मजदूरी करने वाले पति के लिए कभी भी तुरंत चूल्हा जलाकर भोजन बनाना मुश्किल था, लेकिन अब केवल लाइटर ऑन करने भर से खाना-नाश्ता आसानी से तैयार हो जाएगा।माधुरी को यह गैस कनेक्शन पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया गया है। साथ ही 100 दिन का रोजगार पूरा करने पर उन्हें जॉब कार्ड भी दिया गया है, जिससे उनकी आर्थिक सुरक्षा और मजबूत हुई है।शिविर में कलिता बाई पति भरत लाल, ग्राम धनरास और नंदिनी वैष्णव पति अशोक कुमार, ग्राम धनरास को भी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन और चूल्हा प्रदान किया गया। दोनों महिलाओं ने गैस मिलने पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजना से उन्हें असल लाभ प्राप्त हुआ है और सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रम ग्रामीण हितग्राहियों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हो रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### आत्माराम को मिली सुविधा, मछली पालन के कार्य में आएगी तेजी



**कोरबा, 2 मई ।** सुशासन तिहार के शुभारंभ ने ग्राम छुरी निवासी आत्माराम केवट के जीवन में नई उम्मीदें जगा दी हैं। लंबे समय से मछली पालन से जुड़े आत्माराम को आज जनसमस्या निवारण शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा आइस बॉक्स और मछली पकड़ने का जाल प्रदान किया गया। लगभग छह हजार रुपये मूल्य का आइस बॉक्स और दस हजार रुपये का जाल निःशुल्क मिलने पर आत्माराम की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।आत्माराम केवट कटघोरा विकासखंड के ग्राम छुरी में निवास करते हैं और कई वर्षों से अपने समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ कोसगाई दाई मछुआ समिति के माध्यम से मछली पालन करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति के तालाब में रोहू, कतला और मृगल प्रजाति की मछलियों का पालन किया जाता है, जिससे प्रति वर्ष लगभग आठ से दस टन तक मछली उत्पादन होता है। मछली बेचने से सभी सदस्यों को निश्चित आय प्राप्त होती है, लेकिन मछली पालन से जुड़ी कई आवश्यक सामग्रियों की खरीद के लिए अक्सर धन की कमी महसूस होती थी।इसी बीच सुशासन तिहार के दौरान आयोजित शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा आत्माराम का नाम चयनित किया गया। शिविर में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के हाथों उन्हें आइस बॉक्स और जाल प्रदान किया गया। सामग्री प्राप्त करने के बाद आत्माराम ने कहा कि मछली पकड़ने और उसे सुरक्षित रखने में उन्हें अब काफी आसानी होगी।

### एलपीजी का दाम बढ़ाकर चुनावी खर्च वसूल रही मोदी सरकार: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद, 1 मई।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपए और 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर में 261 रुपए की बढ़ोत्तरी को छ.ग. शासन के पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मोदी सरकार द्वारा जनता को दी गई महंगाई रूपी उपहार बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी भरकम वृद्धि की गई है। सरकार एलपीजी का दाम बढ़ाकर चुनावी खर्च की वसूली करना चाहती है। 1 मई को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई। जिससे इसकी कीमत बढ़कर 3,071.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई। चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों की को महंगाई से राहत देने के बजाय केंद्र की मोदी सरकार उन पर बढ़ी हुई कीमतों का बोझ डाल रहे हैं। पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था की रक्षा करने में विफल रहे हैं, और अब नागरिक इसकी कीमत चुका रहे हैं। 3 महीनों में, मोदी सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतें 3 बार बढ़ाई हैं।

# मजदूर दिवस पर मनरेगा कार्यस्थलों में 'मजदूर सम्मान समारोह' का आयोजन



**रायगढ़, 2 मई ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिले के सभी मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) कार्यस्थलों में 'मजदूर सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था।

जिले के उन सभी स्थलों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां वर्तमान में मनरेगा के कार्य संचालित हैं। समारोह के दौरान श्रमिकों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रमिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं, मांगों तथा कार्यस्थल से जुड़ी कठिनाइयों को गंभीरता से सुना।

कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान के मामलों का मौके पर ही निराकरण रहा। अधिकारियों द्वारा तत्काल समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिससे श्रमिकों को उनके श्रम का पारिश्रमिक समय पर मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया कि मजदूरी भुगतान में अनावश्यक विलंब को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। समारोह के दौरान श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया गया कि यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक समाज की आधारशिला हैं और उनके श्रम से ही विकास की गति संभव होती है। शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक श्रमिक को समय पर कार्य उपलब्ध हो, उचित पारिश्रमिक मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलेभर में आयोजित इन समारोहों से श्रमिकों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस पहल से न केवल श्रमिकों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि शासन और प्रशासन के प्रति उनका विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

### श्रमिक के मेहनत और समर्पण से देश एवं समाज का विकास संभव : परमेश्वरी

**अंवरी, 1 मई।** श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरुद ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रमिकों को 1 मई मजदूर दिवस की हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने संदेश में कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं, जिनकी मेहनत और समर्पण से देश एवं समाज का विकास संभव हो पाता है। देश और समाज की प्रगति की असली नींव हमारे मेहनतकश मजदूरों के पसीने और परिश्रम पर टिकी है 7 बोरे बासी जैसे पारंपरिक त्योहार हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का अवसर प्रदान करते हैं साथ ही यह श्रमशील जीवनशैली का प्रतीक है, जो हमें सादगी मेहनत और आत्म सम्मान का संदेश देती है7 वहीं मजदूर दिवस हमें श्रमिकों के योगदान को सम्मान देने की प्रेरणा देता है।श्रीमती साहू ने सभी से आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

# तुमान में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों को खोजने सर्वेक्षण शुरू



**कोरबा,2 मई।** कोरबा जिले की ऐतिहासिक नगरी तुमान में ष्ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों को खोजने सर्वेक्षण शुरू हुआ । कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में व्यापक रूप से संचालित किये जा रहे ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत ऐतिहासिक महत्व की प्राचीन पाण्डुलिपियों को बचाने और डिजिटल संरक्षण करने खोज जारी हैं।

इस कड़ी में ×0 अप्रैल 2026 को ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक श्री सतीश प्रकाश सिंह कोरबा जिले के पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम तुमान पहुंचे और ग्राम के बुजुर्गजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व राजपरिवार के वंशजों से मुलाकात कर ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के महत्व और उद्देश्यों को बताया तथा ग्राम में वर्तमान में किसी के पास भी उपलब्ध प्राचीन पाण्डुलिपि को बचाने के लिए ज्ञानभारतम एप के माध्यम से पाण्डुलिपि का फोटो अपलोड कर डिजिटल संरक्षण करने की अपील की।ग्राम तुमान में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के दौरान 105 वर्षीय श्री बिधून दास महंत एवं 10× वर्षीय श्री जजमान सिंह कँवर ने अपनी स्मृति को ताजा करते हुए तुमान के ऐतिहासिक महत्व को बताया और अपने जीवन काल की कई बातों को साझा किया।इस दौरान तुमान के पूर्व राज परिवार की वंशज एवं वर्तमान में ग्राम पंचायत तुमान की सरपंच श्रीमती विमीय सिंह (शालिनी) से जिला समन्वयक श्री सतीश प्रकाश सिंह ने मुलाकात की। चर्चा के दौरान सरपंच श्रीमती विमीय सिंह ने ग्राम तुमान और राज परिवार के इतिहास से जुड़ी बातों को बताया और उनके पूर्वजों की धरोहर रूपी विरासत में उपलब्ध अभिलेखों , दस्तावेजों, पाण्डुलिपियों को बचाने और डिजिटल संरक्षण करने में पूर्ण सहयोग करने का वादा किया।उनसे हुई चर्चानुसार बताया गया कि वें शीघ्र अपने घर में मौजूद पूर्वज राज परिवार के अभिलेख, पाण्डुलिपि आदि को खोज कर, ज्ञानभारतम सर्वेक्षण टीम के समक्ष डिजिटाइज करने उनके पास बची हुई पाण्डुलिपियों और अन्य पुराने हस्तलिखित अभिलेखों को उपलब्ध कराएंगीं।जिला समन्वयक श्री सतीश प्रकाश सिंह ने उपस्थित सभी ग्रामवासियों को प्राचीन पाण्डुलिपियों को नष्ट होने से बचाने तथा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनके स्वयं के मोबाइल में ज्ञानभारतम एप डाऊनलोड करके एप के माध्यम से प्राचीन पाण्डुलिपियों का फोटो अपलोड करने के तरीके बतायें।सर्वेक्षण के पूर्व ग्राम के मिडिल स्कूल परिसर में आयोजित की गई बैठक में जिला समन्वयक श्री सतीश प्रकाश सिंह ने सभी ग्रामवासियों, शिक्षकों को जिले में व्यापक रूप से चलाये जा रहें ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के बारें में विस्तार से बताया तथा उपस्थित लोगों की जिज्ञासा का समाधान किये।इस दौरान पोड़ीउपरोड़ा तहसीलदार श्री विनय देवांगन, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री हरि नारायण सिंह कँवर, बुढ़ान सिंह, हरि प्रसाद, प्राचार्य अल्पना तिवारी,पटवारी संतोष चैहान, कोटवार गजानंद महंत, ग्राम सचिव छत सिंह पैकरा सहित हायर सेकेण्डरी स्कूल तुमान के व्याख्याता कामता जायसवाल, कैलाश, सोनसाय, अन्य ग्रामवासी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### घुमका में रेत का अवैध परिवहन, 2 हाईवा जप्त



**राजनांदगांव 2 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा गस्त के दौरान ग्राम चारभाठा, घुमका, पटेवा, बीजेतला में खनिजों के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई की गई। इसके तहत घुमका में देवेन्द्र साहू के स्वामित्व की हाईवा सीजी 07 सीएक्स 9116 से ग्राम नंदनी निवासी वाहन चालक हीरा पटेल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने तथा फागू वर्मा के स्वामित्व की हाइवा सीजी 08 एई 2553 द्वारा रेत का अवैध भण्डारण से परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना घुमका को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### श्रमिक दिवस पर मनरेगा श्रमिक हुए सम्मानित,जल संरक्षण का लिया संकल्प

**बलौदाबाजार, 2 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वी -बी ज़ी राम जी के अंतर्गत अधिनियम के मुख्य बिंदुओं का श्रमिकों द्वारा सामूहिक वाचन किया गया, जिससे उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सके।इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा श्रमिकों का सम्मान कर उनके श्रम, समर्पण एवं ग्रामीण विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। साथ ही, मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु श्रमिकों द्वारा जल शपथ ली गई। उन्होंने वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग एवं जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम श्रमिकों के सम्मान, अधिकारों की जानकारी एवं जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर राज्यपाल की नजर

**रायपुर 2 मई।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार सक्रिय महामहिम रमेन डेका ने एक बार फिर स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कड़ी में उन्होंने भाटागांव स्थित उर्मिला फाउंडेशन और उर्मिला हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति और भविष्य की रणनीति पर गंभीर चर्चा की। बैठक के दौरान सिकल सेल, थैलेसीमिया और किडनी जैसी जटिल बीमारियों को लेकर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। महामहिम ने इन बीमारियों की रोकथाम और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में इन बीमारियों की पहचान और इलाज के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत बताई। अंबिकापुर जिले के ग्रामीण इलाकों में मानसिक रूप से कमजोर बच्चों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की गई। वहीं गरियाबंद जिले में फ्लोरोसिस जैसी बीमारी के फैलाव को गंभीर मानते हुए वहां लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। उद्देश्य साफ है कि समय रहते बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके। उर्मिला फाउंडेशन और उर्मिला हॉस्पिटल द्वारा लगाए जा रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की सराहना करते हुए महामहिम ने इसे और व्यापक स्तर पर संचालित करने की जरूरत बताई।



# दीदियों और सफाई मित्रों ने चलाया स्वच्छता जनजागरण अभियान

**रायपुर 2 मई।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 के भाठागांव क्षेत्र और शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 के संजय नगर टिकरापारा क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2025 - 2026 के अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक 6 स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर निगम वार्ड क्रमांक 62:के पार्षद और नगर निगम जोन 6 जोन अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में महिला स्वसहायता समूहों की स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों द्वारा रहवासियों के मध्य स्वच्छता जनजागरुकता अभियान चलाया गया और स्वच्छता जागरूकता रैली वार्ड क्रमांक 61 के भाठागांव और वार्ड क्रमांक 62 के संजय नगर टिकरापारा में मार्गो और बाजार में निकालकर रहवासी नागरिकों को दिनांक 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत 4 डिब्बा सफाई प्रणाली को लेकर नागरिकों को जागरूक किया गया.



स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों द्वारा नगर निगम रायपुर के जोन 6 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 61 के भाठागांव क्षेत्र और शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 के अंतर्गत संजय नगर टिकरापारा क्षेत्र में रहवासी नागरिकों को घर में 4 विभिन्न प्रकारों के कूड़े को सुव्यवस्थित करने का सहज और सरल तरीका 4 पृथक - पृथक डस्टबिन में गीला , सूखा, विशेष देखभाल और सेनेटरी कूड़ा पृथक - पृथक क्रमशः हरे , नीले , लाल और काले डस्टबिन में पृथक करते हुए रखकर सफाई मित्र को सफाई वाहन में देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ राजधानी शहर बनाने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील नगर निगम जोन 6 जोन अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में की गई. स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों ने रहवासी नागरिकों से घर का कूड़ा कदापि बाहर नहीं फेंकने और अपने घर और उसके आसपास सफाई बनाये रखने घर का कूड़ा सफाई वाहन में सफाई मित्र को देने की विनम्र अपील नगर निगम जोन 6 अंतर्गत वार्ड 61 के भाठागांव क्षेत्र और वार्ड क्रमांक 62 के अंतर्गत संजय नगर टिकरापारा क्षेत्र में नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आदित्य हजारी के मार्गनिर्देशन स्वच्छता निरीक्षक श्री महेन्द्र कलियारी और श्री अभिषेक मणि की उपस्थिति में नन्दी चौक टिकरापारा के रहवासी नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 के अंतर्गत की .इस दौरान सदर बाजार मण्डल अध्यक्ष श्री संजय सोनी की भी उपस्थिति रही।

### जीवनदीप समिति के कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि

# बरसात के पहले एटीआर क्षेत्र के गांवों में लगाएं मेगा स्वास्थ्य शिविर: अरुण साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 2 मई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी स्थित 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में आज जीवन दीप समिति की साधारण समिति की बैठक उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक से पहले उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ सफाई की व्यवस्था एवं गार्डन की हरियाली की सराहना की। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एजेंडावार चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जीवन दीप समिति के कर्मचारियों के मानदेय में पांच वर्ष पूर्ण होने पर प्रतिमाह 2000 रुपये वृद्धि की स्वीकृति दी गई। साथ ही अस्पताल के सोलर सिस्टम की मरम्मत, बैटरी बदलने एवं जनरेटर सुधार के लिए डीएमएफमद से प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर मुंगेली को भेजने के निर्देश दिए गए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल में नए पेइंग वार्ड के निर्माण के लिए अपने विधायक मद से 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। वहीं डीएमएफ मद से शव वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी स्वास्थ्य विभाग को दिए। निर्माणाधीन ब्लड बैंक एवं इंटीग्रेटेड लैब को शीघ्र पूर्ण करने तथा 50 बिस्तर अस्पताल को 100 बिस्तर में उन्नत करने के लिए अतिरिक्त भवन स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। इसके लिए सहकारिता विभाग के पुराने गोदाम की भूमि स्वास्थ्य विभाग को आबंटित करने की प्रक्रिया तेज करने कहा गया। बरसात से पूर्व एटीआर क्षेत्र के गांवों में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, खुड़िया बांध के पार स्थित गांवों के लिए बोट एम्बुलेंस प्रस्ताव तैयार करने तथा अस्पताल की सुरक्षा के लिए रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और दो सुरक्षा गार्ड रखने की स्वीकृति दी बैठक में दी गई। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल से अनावश्यक रिफरल केस को कम करने पर भी जोर देते हुए मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लोरमी एसडीएम श्री अजीत पुजारी और डीपीएम श्री गिरीश कुर्रे सहित जीवन दीप समिति के सदस्य और विभागीय अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।




## 97% अंक लाकर हेतल ध्रुव कक्षा में प्रथम, स्कूल में हो रही सराहना



**रायपुर 2 मई।** कल्याण पब्लिक स्कूल की छात्रा हेतल ध्रुव ने 97 अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनकी जमकर प्रशंसा की जा रही है।बताया जा रहा है कि हेतल ध्रुव कक्षा पहली से लेकर पांचवीं बोर्ड तक लगातार प्रथम श्रेणी बनाए हुए हैं, जो उनकी लगन और प्रतिभा को दर्शाता है। 11 वर्षीय हेतल तीन बहनों में मंझली हैं और पढ़ाई के साथ-साथ चित्रकला में भी विशेष रुचि रखती हैं।उनके पिता मिनेश ध्रुव और माता धनेश्वरी ध्रुव ने बताया कि हेतल एक होनहार बच्ची हैं। विशेष बात यह है कि वह घर पर अधिक पढ़ाई नहीं करतीं और अपना होमवर्क भी स्कूल में ही पूरा कर लेती हैं। घर आने के बाद वह रचनात्मक गतिविधियों, विशेषकर चित्रकला में समय बिताती हैं।परिवार ने बताया कि हेतल शुद्ध शाकाहारी हैं, जबकि घर के अन्य सदस्य मांसाहार पसंद करते हैं। अपनी बेटी की इस सफलता से माता-पिता बेहद खुश हैं और गौरव महसूस कर रहे हैं।विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी हेतल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## सीमेंट प्लांट एवं वृहद उद्योगों में सेफ्टी ड्रिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में स्थित सभी सीमेंट प्लांट एवं अन्य बड़े उद्योगो में को सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कोई दुर्घटना न हो इसके लिये कमियों को दूर करने व सुरक्षा उपाय का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिशा शुक्ला ने बताया कि सयंत्रो में सेफ्टी ड्रिल25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक किया गया।इस दौरान समस्त कारखाने के अधिकारी और कर्मचारियों कि समिति द्वारा सम्पूर्ण कार्यस्थलों का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण कर जानकारी में आई कमियों को दूर किया गया। कारखानें में असुरक्षित स्थिति से बचाव हेतु कारखाने के फायर टीम, बचाव टीम, मेडिकल टीम व अन्य द्वारा भागीदारी करते हुये सुरक्षा अभ्यास किया गया।इसमें दुर्घटना को रोकने हेतु दल द्वारा सुरक्षा उपकरणों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुये सुरक्षित कार्यपद्धति के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। श्रमिकों को श्रमिक दिवस पर बधाई एवं शुभकामना के साथ सेफ्टी ड्रिल कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## अच्छे नतीजों से बद्रीनारायण बगड़िया हायर सेकेंडरी स्कूल में उत्साह का माहौल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 2 मई।** तिल्दा नेवरा स्थित बद्रीनारायण बगड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के साथ ही विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें निराश न होकर और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, प्राचार्य राजेश चंदानी, वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन, डॉ. एल.पी. साहू, अनीता सक्सेना, बेबी गोस्वामी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करते रहने का आह्वान किया। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## जिले में जनगणना कार्य शुरू घर-घर पहुंच रहे प्रगणक

**बलौदाबाजार , 2 मई।** राष्ट्रीय जनगणना कार्य क़ी शुरुआत कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आज से बलौदाबाजार -भाटापारा जिला में हो गया। जनगणना के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रगणक घर-घर पहुंचकर परिवारों से निर्धारित जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। यह कार्य पूरे मई माह तक संचालित किया जाएगा। जनगणना कार्य के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा।जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। मकान सूचीकरण व गणना के लिये जिले में 1861 प्रगणक व मॉनिटरिंग के लिए 309 सुपरवाइजर क़ी ड्यूटी लगाई गई हैं।तहसीलदार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को चार्ज अधिकारी बनाया गया है।जिले में 9 तहसील व 8 नगरीय निकाय हैं।इस तरह जिले में कुल 17 चार्ज बनाए गए हैं।मकान सूचीकरण व गणना के लिये प्रत्येक चार्ज को हाउसलिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में विभाजित किया गया हैं जिसमें एक एचएलबी में 150 से 180 मकान संख्या रखा गया है। 17 चार्ज में कुल 1978 एचएलबी बनाए गए हैं। प्रत्येक प्रगणक को एक या 2 एचएलबी गणणा हेतु आवंटित किया गया है।



## जनप्रिय नेता सांसद बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर 2 मई ।** छत्तीसगढ़ की राजनीति के चाणक्य और रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल का 67वां जन्मदिन इस वर्ष केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक जन-उत्सव बन गया। सेवा, समर्पण और सक्रियता के संगम श्री अग्रवाल के जन्मदिन पर राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल रहा। अपने आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने सपरिवार विधि-विधान से पूजन और हवन कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। उन्होंने आहुतियां अर्पित करते हुए प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि और जनता के कल्याण की कामना की। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडितों ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु का आशीर्वाद दिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रभु का आशीर्वाद और जनता का स्नेह ही उनकी असली ताकत है, जो उन्हें जनसेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की ऊर्जा देता है। जन्मदिन की पूर्व संध्या यानी गुरुवार 30 अप्रैल की रात 11 बजे से ही उनके आवास पर समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। यह सिलसिला अगले 24 घंटों तक अनवरत चलता रहा। प्रदेश के कोने-कोने से आए हजारों प्रशंसकों ने अपने प्रिय नेता की लंबी आयु की कामना की। गरियाबंद के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने श्री बृजमोहन अग्रवाल की 40 वर्षों की ऐतिहासिक राजनीतिक यात्रा को दर्शाते हुए एक विशेष थीम आधारित केक कटवाया। श्री बृजमोहन के समर्थकों ने कहीं 67 किलो का विशाल केक काटा गया, तो कहीं उनके जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक स्वरूप 67 अलग-अलग केक काटकर जश्न मनाया गया।



सेवा को ही धर्म मानने वाले श्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर शिक्षा और सहायता पर विशेष जोर दिया गया। उनके बच्चों के प्रति प्रेम और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए। 100 से अधिक विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस और शिक्षण किट प्रदान की गई।जोन अध्यक्ष श्री अंबर अग्रवाल ने 5 भजन मंडलियों को स्पीकर सेट वितरित किए। प्रदेश किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें धान से तौला, वहीं सुशील शर्मा और टिंगू गोस्वामी ने अपने प्रिय नेता को लड्डुओं से तौला।

# जिला पंचायत अध्यक्ष रोज दौरा कर विकास कार्यों और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ा रहीं सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 2 मई।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह लगातार जनसंपर्क, विकास कार्यों के निरीक्षण एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए जिलेभर का नियमित दौरा कर रही हैं। वे प्रतिदिन विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रही हैं तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं।

इसी क्रम में ग्राम डुमरटोला, इरगांव, भर्रीटोला एवं बोरिया खड़गांव में माननीय शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अनुशंसा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के विशेष प्रयासों से स्वीकृत प्रार्थना शेड निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। लगभग 10 लाख रुपये लागत से स्वीकृत इन निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं ग्राम खड़गांव ठाकुरटोला में ग्रामीणों की पेयजल सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर खनन कार्य का भी शुभारंभ किया गया।



जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक ग्राम तक विकास पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, पानी, शिक्षा, सामुदायिक भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

अपने लगातार दौरों के दौरान नम्रता सिंह सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शामिल होकर लोगों से आत्मीय संबंध बना रही हैं। डोंगरीटोला में जनपद उपाध्यक्ष अगनु कुमेटी के निवास पहुंचकर विवाह कार्यक्रम में सहभागिता की तथा परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। वहीं रामगढ़ में अनुज तुलावी के भतीजे के विवाह समारोह में शामिल होकर नवदाम्पत्य को सुखमय जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसके साथ ही मोहला स्थित वन धन केंद्र में आयोजित विश्व मजदूर दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर श्रमिक भाइयों एवं बहनों का सम्मान किया तथा उनके परिश्रम और योगदान को राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताया। क्षेत्रवासियों के बीच लगातार सक्रियता, सरल व्यवहार एवं विकास के प्रति समर्पण के कारण नम्रता सिंह को जनता का व्यापक स्नेह और समर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक ग्राम, प्रत्येक परिवार एवं हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना ही उनका उद्देश्य है और इसी भावना के साथ वे निरंतर जनता की सेवा में समर्पित रहेंगी।

## एक नजर

### पीएससी परीक्षा की तिथि बढ़ी, सीएम को दिया धन्यवाद

**रायपुर, 2 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2026 को लेकर अभ्यर्थियों की मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस फैसले से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के संबंध में कल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उवल दीपक तथा विधायक दल के स्थायी सचिव आशुतोष सुरेंद्र दुबे ने विधानसभा में मुख्यमंत्री से भेंट कर अभ्यर्थियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए निवारण हेतु निवेदन किया था। मुख्यमंत्री ने इस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र निर्णय लिया।

### मंजू को उत्कृष्ट कर्मचारी अवार्ड

**रायपुर, 2 मई।** प्रदेश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना



दिवस पर विश्वविद्यालय 32 शिक्षण विभागों में से भौतिकी विभाग को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सर्वोत्तम बेस्ट विभाग के रूप में पुरस्कृत किया गया। भौतिकी विभाग की मंजू साहू तकनीकी सहायक को उत्कृष्ट कर्मचारी के रूप में नवाजा गया। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंसनर्स कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष प्रदीप मिश्र और सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बधाई दी है।

### अमेज़न प्राइम डे जुलाई में भारत लौटेगा

**रायपुर, 2 मई।** अमेज़न ने आज घोषणा की कि प्राइम डे जुलाई 2026 में भारत में आयोजित किया जाएगा। प्राइम सदस्य इस दसवें प्राइम डे में शानदार डील्स, बचत, नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और बहुत कुछ का आनंद ले सकेंगे। इस साल का इवेंट और भी खास होगा, जिसमें लोकप्रिय ब्रांड्स, ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स और नए लॉन्च पर आकर्षक ऑफ़र मिलेंगे। प्राइम सदस्य इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन, ब्यूटी, फैशन, ताज़ा ग्रोसरी और रोजमर्रा की ज़रूरी चीज़ों समेत कई कैटेगरी में बेहतरीन ऑफ़र्स का फ़ायदा उठा सकेंगे। प्राइम डे 2026 जून में ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, कोलंबिया, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, इटली, आयरलैंड, लक्ज़मबर्ग, मैक्सिको, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, सऊदी अरब, सिंगापुर, स्पेन, स्वीडन, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, जापान और भारत में प्राइम सदस्य जुलाई में प्राइम डे डील्स का लाभ उठा सकेंगे। 2025 में अमेज़न इंडिया ने प्राइम सदस्यों के लिए अपनी अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड की घोषणा की, जिसमें 55 करोड़ से अधिक उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए— जो साल-दर-साल आधार पर 40त्न की वृद्धि है।

### दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग समर स्पेशल में अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**रायपुर, 2 मई।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 08743/08744 दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग समर स्पेशल में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार समर स्पेशल ट्रेन में दिनांक 03 मई से 31 मई 2026 तक तथा हरिद्वार से चलने वाली गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन में दिनांक 04 मई से 01 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इसकी उपलब्धता से इस गाड़ी में अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा प्राप्त होगी।

### जनता पर महंगाई की चौतरफा मार : ठाकुर

**रायपुर, 2 मई।** कमर्शियल एवं 5 किलो वाले सिलेंडर के दाम में वृद्धि को मोदी सरकार की महंगाई की मार



करार देते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा राज्यों के चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार का असल रूप सामने आ गया है। लोकसभा में नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी ने पहले ही सचेत किया था कि चुनाव खत्म होते एलपीजी एवं पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ेंगे वो आज सच हो गया है।मोदी सरकार ने महंगाई से जूझ रही जनता एवं मंदी की मार झेल रहीं व्यवसायिक संस्थानो, उद्योगों पर कुठाराघात किया है। कामर्शियल सिलेंडर के दाम में एक मुश्त 993 रु की बढोत्तरी एवं प्रवासी श्रमिकों एवं गरीब जनता द्वारा उपयोग किये जाने वाले 5 किलो वाली गैस सिलेंडर के दाम में 261 रु की वृद्धि कर दी है।बीते पांच माह में कामर्शियल सिलेंडर के दाम में 1510 रु की वृद्धि हुई है जनवरी में 111रु फरवरी में 50रु मार्च में दो बार मिलाकर 146 रु अप्रैल मे 218 रु एवं मई में 993 रु की वृद्धि हुई है अब घरेलू गैस एवं पेट्रोल डीजल के दाम में भी वृद्धि की संभावना है।

### भारत मंडपम में होगा देश का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर

**रायपुर, 2 मई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन



जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरेंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंथन, वासु माखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 आगामी 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन देश का अब तक का सबसे विशाल ट्रेड फेयर माना जा रहा है, जिसमें स्वदेशी उत्पादों एवं सेवाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, ने बताया कि इस महोत्सव में 2000 से अधिक प्रदर्शक, 5000 से अधिक व्यापारिक संगठन, 2 लाख से अधिक बिजनेस डेलीगेट्स तथा 10 लाख से अधिक आगंतुकों की भागीदारी अपेक्षित है।

# रायपुर में 10 और 13 मई को आईपीएल का मुकाबला

## 3 मई से शुरू होगी टिकट बुकिंग

**रायपुर, 2 मई।** राजधानी रायपुर में 10 और 13 मई को आईपीएल मैच होने जा रहा है। इसकी टिकट की बुकिंग कल यानि 3 मई से शुरू हो रही है। मैच के टिकट केवल आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट shop.royalchallengrs.com/ticket और ऐप पर ही उपलब्ध होंगे। किसी अन्य वेबसाइट/ऐप से नकली टिकट न खरीदें। बता दें कि 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) वर्सेस मुंबई इंडियंस और 13 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वर्सेस कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दोनों मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे। अब तक अपडेट के मुताबिक आरसीबी की टीम 8 मई को रायपुर पहुंचेगी और यहां 6 दिन तक रहेगी। टीम मैदान पर प्रैक्टिस भी करेगी। मुंबई इंडियंस की टीम भी 8 मई के बाद राजधानी पहुंचने की संभावना है।



### 2 हजार का हो सकता सबसे सस्ता टिकट

टिकट आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट से ही ऑनलाइन बुक किए जाएंगे। सबसे सस्ती टिकट 2000 की होगी। इसके अलावा 2500, 3500, 5000 और 8000 तक की कैटेगरी में होगी। इसके अलावा प्लैटिनम सीटों के सामने लगे कांच के पैनल हटा दिए गए हैं। अब दर्शक खिलाड़ियों को बिना किसी रुकावट के और करीब से देख सकेंगे।

# छग में 19 मई से पहले करनी होगी पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति

**रायपुर, 2 मई।** सुप्रीम कोर्ट के रुख से लगता है छत्तीसगढ़ सरकार को पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति करनी होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ समेत उन राज्यों को दो हफ्ते में जवाब मांगा था, जिन्होंने पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त नहीं किया है। दो हफ्ते का समय निकलनके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फायनल सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख तय कर दी है। इस डेट को फायनल इसलिए माना जा रहा क्योंकि लंबे समय से इस पर सुनवाई चल रही है। 19 मई से पहले अगर छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं होगी तो सुप्रीम कोर्ट बड़ा आदेश जारी कर सकता है। विधि विशेषज्ञों का कहना है कि हो सकता है, राज्य के मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट तलब कर लें।

हालांकि, प्रभारी डीजीपी का मामला यूपी समेत कई और राज्यों में भी है। मगर छत्तीसगढ़ के साथ यह अलग इसलिए है कि बाकी राज्यों ने यूपीएससी को न प्रस्ताव भेजा और न यूपीएससी ने डीजीपी के लिए कोई पेनल अनुमोदित कर भेजा है। इसलिए, बाकी राज्यों के पास बचाव के रास्ते हैं। छत्तीसगढ़ से यूपीएससी इसलिए खफा है कि दो सदस्यीय पेनल भेजने के बाद भी छत्तीसगढ़ ने छह महीने से ज्यादा वक्त हो जाने के बाद भी अभी तक पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं की।

जबकि, पूर्णकालिक की जगह प्रभारी डीजीपी रखने के केस में सुप्रीम कोर्ट ने भी सख्त तेवर अख्तियार कर लिया है। उसने राज्यों को दो हफ्ते का टाईम दिया था। सुप्रीम कोर्ट के डेडलाइन का हवाला देते हुए यूपीएससी ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकास शील को पत्र लिख पूछा था कि आप और एसीएस होम ये बताएं कि पेनल अनुमोदित कर भेजने के बाद भी आपने पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति क्यों नहीं की। यूपीएससी की नाराजगी की एक और वजह है। डीजीपी के पेनल के लिए उसे काफी मशक्कत करनी पड़ी। आधा दर्जन से अधिक उसने क्वेरियां भेजी। इसी बीच आईपीएस जीपी सिंह का केस आ गया। सुप्रीम कोर्ट से बरी होने के बाद यूपीएससी ने प्रस्ताव में उनका नाम भी शामिल करने कहा। कुल मिलाकर पेनल बनाने में यूपीएससी के तीन से चार महीने लगे। इसके बाद यूपीएससी ने दो सदस्यीय पेनल बनाकर छत्तीसगढ़ सरकार को भेजा।




### दो नामों का पेनल

छत्तीसगढ़ सरकार ने डीजीपी के लिए तीन नामों को पेनल यूपीएससी को भेजा था। इनमें पवनदेव, अरुणदेव गौतम और हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल था। बाद में फिर आईपीएस जीपी सिंह का नाम भी जुड़ा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राज्य सरकार ने आनन-फानन में डीपीसी कर जीपी सिंह को एडीजी से प्रमोट कर डीजी बनाया और फिर उनका नाम भी यूपीएससी को भेजा। अलबत्ता, यूपीएससी ने पवनदेव और जीपी सिंह के नाम को मान्य नहीं किया। डीपीसी की बैठक में दो नाम फायनल हुए, अरुणदेव गौतम और हिमांशु गुप्ता। गौतम 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और हिमांशु गुप्ता 1994 बैच के।

### 4 फरवरी 2025 से प्रभारी डीजीपी

अशोक जुनेजा के डीजीपी से 4 फरवरी 2025 को रिटायर होने के बाद से छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी नहीं है। जुनेजा के रिटायर होने पर राज्य सरकार ने अरुणदेव गौतम को प्रभारी डीजीपी बनाया था। उसके बाद से वे ही कंटीन्यू कर रहे हैं। याने लगभग 15 महीने से छत्तीसगढ़ में प्रभारी डीजीपी हैं। हालांकि, अरुणदेव गौतम को अगर सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी बना दिया तो एक तरह से कहें तो उनके लिए लॉटरी निकलले जैसा रहेगा। गौतम को अगले साल जून में रिटायरमेंट हैं। मगर अगर पूर्णकालिक डीजीपी बन गए तो फिर उन्हें दो साल का कार्यकाल मिल जाएगा। याने रिटायरमेंट पीरियड खतम होने के बाद भी जून 2025 के बाद इस पद पर बने रहेंगे।

मसलन, वे 15 मई को पूर्णकालिक डीजीपी बनते हैं तो 14 मई 2028 तक वे इस पद पर रहेंगे। इसी तरह आईपीएस हिमांशु गुप्ता डीजीपी बनेंगे तो उनका भी कार्यकाल 14 मई 2028 तक रहेगा। यद्यपि हिमांशु के रिटायरमेंट में अभी काफी टाईम है।

# तेलीबांधा की यातायात व्यवस्था होगी सुव्यवस्थित : सतीश थौरानी



**रायपुर, 2 मई।** तेलीबांधा क्षेत्र के व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही यातायात समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 30 अप्रैल 2026 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान यातायात पुलिस और नगर निगम के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने जमीनी स्तर पर ट्रैफिक जाम और पार्किंग की अव्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विदित हो कि कुछ दिन पूर्व ही तेलीबांधा क्षेत्र के व्यापारियों के एक समूह ने नगर निगम एवं यातायात विभाग द्वारा किये गये कार्यवाही से आहत होकर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात कर क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव और उससे व्यापार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से अवगत कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष थौरानी ने तत्काल यातायात पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क साधा, जिसके फलस्वरूप आज यह संयुक्त निरीक्षण सुनिश्चित हुआ। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों को संबोधित करते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि तेलीबांधा रायपुर का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। बढ़ते यातायात और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर वहां पर लाइट पोल के अंदर गाड़ियां पार्क करना सुनिश्चित किया गया। साथ ही टेऊफिक जाम को कम करने एवं यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिये रोड के लेफ्ट टर्न को हमेशा खाली रखा जाये। हमने अधिकारियों को स्पष्ट सुझाव दिए हैं कि सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए। प्रशासन के सहयोग से हम जल्द ही यहाँ एक आदर्श यातायात व्यवस्था लागू करेंगे ताकि ग्राहकों को दुकान तक पहुँचने में कोई बाधा न हो और व्यापार फल-फूल सके।

# 20 लाख मीट्रिक टन धान खुले में पड़ा है : कांग्रेस



**रायपुर, 2 मई।** सरकार की लापरवाही के कारण 20 लाख मीट्रिक टन धान संग्रहण केन्द्रों में खुले में पड़ा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धान भीषण गर्मी में सुख रहा है, बे-मौसम बारिश से भीग रहा है। 3100 रु. प्रति क्विंटल में खरीदे गए धान का सरकार निराकरण नहीं कर पाई है। भाजपा दावा करती है डबल इंजिन की सरकार का तो केंद्र से बोल कर पूरे खरीदे गए धान से बने चावल को सेन्ट्रल पुल में दे दे, इससे राज्य को करोड़ों का नुकसान भी नहीं होगा, धान का निराकरण का समाधान भी हो जायेगा। धान खुले में पड़ा सुख रहा है, सड़ रहा है, बाद में इसी के आधार पर पूरा धान खराब हो गया बता कर भ्रष्टाचार करेंगे। चूहों पर तोहमत लगाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान से बना पूरा चावल नहीं खरीदा, जिसके चलते राज्य सरकार को किसानों से खरीदे गए धान के निस्तारण की समस्या उत्पन्न हो गई है। दलीय चाटुकारिता और मोदी-शाह के अधिनायक वाद के चलते राज्य की सरकार केंद्र पर भी दबाव नहीं बन पा रही है। प्रदेश सरकार ने किसानों से खरीदे अतिरिक्त धान को खुले बाजार में बेचने का प्रयास भी किया। 3100 रू. प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया धान परिवहन और हैंडलिंग मिलाकर 3822 लागत मूल्य है जिसे शायद सरकार ने नीलामी का बेस रेट 1900 प्रति क्विंटल तय करके बेचने का प्रयास किया, उसके बावजूद अब तक पूरा धान नीलाम नहीं हो पाया है, और लाखों टन धान सोसाइटियों में खराब हो रहे हैं।

## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 2 मई।** बस्तर के पखांजूर से ताड़ के फल कालीबाड़ी यातायात थाना के सामने बिक रहे हैं। यह दवा के भी काम आता है। यह पौष्टिक फल डिजाइड्रेशन की रामबाण दवाई है।

# मलेरिया को लेकर जागरूकता अभियान



**रायपुर, 2 मई।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर झारसुगुड़ा के केल्डामाल, गुडीगांव और बरहमुंडा गांवों में व्यापक सामुदायिक स्वास्थ्य अभियान चलाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैश्विक अभियान थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरितः अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा।. के अनुरूप, इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को मलेरिया समाप्त करने के लिए आवश्यक जागरूकता और साधनों से सशक्त बनाना था। इस कार्यक्रम के तहत 1, 000 से अधिक समुदाय के लोगों को मलेरिया से बचाव के उपायों, शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर जांच व उपचार के महत्व पर आयोजित जागरूकता सत्रों के माध्यम से जोड़ा गया। अंतिम स्तर (लास्ट माइल) तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए गांवों में सूचना पर्चे भी वितरित किए गए।

# पायलट भी नहीं बचा पाएंगे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का विमान : पांडेय

**रायपुर, 2 मई।** भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश कांग्रेस में चल रही आंतरिक कलह और गुटबाजी पर कड़ा प्रहार कर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के रायपुर दौरे और विधायकों की आपात बैठकों को 'डैमेज कंट्रोल' की नाकाम कोशिश करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का विमान अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिसे कोई भी 'पायलट' अब उड़ान नहीं दे सकता।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद पांडेय ने कटाक्ष किया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस में असंतोष की आग इतनी भयंकर है कि दिल्ली से विशेष रूप से सचिन पायलट को 'आग बुझाने' के लिए भेजना पड़ा है। लेकिन जिस पार्टी की बुनियाद ही आपसी



अविश्वास पर टिकी हो, वहाँ बैठकों से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। पांच वर्षों के अपने शासनकाल में कांग्रेस ने जो भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियाँ अपनाई थीं, आज वही असंतोष बनकर उनके विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच फूट रहा है। जनता ने तो उन्हें नकार ही दिया था, अब उनके अपनों ने ही बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। प्रदेश प्रभारी पायलट द्वारा ली जा रही विधायकों की बैठक के मद्देनजर पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस अब गुटों में बँट चुकी है। सचिन पायलट यहाँ एकता का पाठ पढ़ाने आए हैं, लेकिन वे खुद जानते हैं कि राजस्थान से लेकर छत्तीसगढ़ तक कांग्रेस की 'एकता' सिर्फ तस्वीरों तक सीमित है। कांग्रेस चाहे कितनी भी बंद कमरे में बैठकें कर ले, छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता का विश्वास वह खो चुकी है। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार आज सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है, जिससे ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस अपनी अंदरूनी लड़ाई को छिपाने का ढोंग कर रही है।

**परेशानी** | समस्या का निराकरण नहीं होने पर करेंगे चरणबद्ध आंदोलन : विकास

# अघोषित बिजली कटौती, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 2 मई।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने बिजली समस्याओं को लेकर डंगनिया स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में सीएसपीडीसीएल एमडी भीम सिंह कँवर को ज्ञापन सौंपा। उपाध्याय ने ज्ञापन सौंपने के मुख्य उद्देश्य को बताते हुये कहा कि राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में जितने भी उपभोक्ता बिजली का उपभोग कर रहे हैं, वह सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं में से महत्वपूर्ण सुविधा है। लेकिन यही भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबों व मध्यम वर्ग के परिवारों को जबरदस्ती स्मार्ट मीटर थमाती है, फिर उसमें पूर्व की योजनाओं को बंद कर स्मार्ट मीटर के माध्यम से मोटी और बड़ी बिजली बिल उपभोक्ताओं को दे देती है। अब ऐसे में अचानक से बिजली बिल ज्यादा आ जाने से गरीब व



मध्यम वर्ग के परिवार को झटका तो लगेगा ही। इसी चक्कर में कुछ गरीब व मध्यम परिवार बिजली बिल पटाने में असमर्थ हो जाते हैं और बार-बार विद्युत कार्यालयों का चक्कर काटने मजबूर हो जाते हैं। गरीब व मध्यम परिवार के घर की बिजली लाईनें काटकर अपनी नई योजना मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना में परिवर्तित कर रही है जो कि केवल विज्ञापन मात्र साबित हो रही है। समाधान के नाम पर केवल आश्वासन का काम किया जा रहा है।

# सुशासन तिहार भाजपा सरकार का दिखावा : पप्पू बंजारे

**रायपुर, 2 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार की सुशासन त्योहार पर कड़े शब्दों में बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा मनाया जा रहा तथाकथित सुशासन तिहार दरअसल जनता को गुमराह करने का एक सुनियोजित राजनीतिक प्रपंच है।



उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में लाखों की संख्या में आम जनता ने अपनी समस्याएं-सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, आवास, रोजगार एवं विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़ी मांगों को लेकर आवेदन दिए थे, लेकिन भाजपा सरकार ने उन आवेदनों को न केवल नजरअंदाज किया, बल्कि उन्हें रद्दी की टोकरी में डालकर जनता की भावनाओं का घोर अपमान किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंजारे ने कहा कि आज भी रायपुर ग्रामीण सहित पूरे प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।

गांवों में सड़कें जर्जर हैं, नालियां अधूरी पड़ी हैं, पेयजल संकट गहराता जा रहा है, बिजली व्यवस्था चरमरा गई है और विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। इसके बावजूद भाजपा सरकार सुशासन का ढोंग कर रही है, जो जनता के जले पर नमक छिड़कने जैसा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26